HAPPY DIWALI
7 से 21 अक्टूबर 2025
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

NEO STRETCH®
WORLD'S BEST 4WAY STRETCH FABRIC
A Donear Group Brand
powers
Bombay Times FASHION WEEK
An initiative by THE TIMES OF INDIA

FERRARA ITALIAN LUXURY
Desire Differently AT GMFL
GLOBAL MEDIA FASHION LEAGUE















OCM & Neostretch Powers Bombay Times Fashion Week 2025.
L to R: **Aakash Mishra** - AVP Donear Group, **Avitesh Shrivastava** - Singer & Music Composer, **Sunny Singh** - Actor, **Pankaj Soni** - Designer & **Ajay Agarwal** - ED & Mentor Donear Group



Ferrara at GMFL Dubai.
L to R: **Aakash Mishra** - AVP Donear Group, **Pankaj Soni** - Designer, **Mrunal Jain** - Entrepreneur & Actor & **Ajay Agarwal** - ED & Mentor Donear Group

FERRARA
ITALIAN LUXURY
Desire
**Differently**


L to R: **Aakash Mishra** - AVP Donear Group, **Pankaj Soni** - Designer, **Mrunal Jain** - Entrepreneur & Actor & **Ajay Agarwal** - ED & Mentor Donear Group




Presenting The Ferrara Italia Collection


Show Stopper **Mrunal Jain** - Entrepreneur & Actor

GMFL
GLOBAL MEDIA FASHION LEAGUE
AT
DUBAI


Presenting The Ferrara Italia Collection

# WOVEN IN PRESTIGE: FERRARA ITALIA WINS GLOBAL HIGH FASHION LUXURY BRAND AWARD




Members of the Royal family, along with Dr. Ramdas Bandu Athawale - Member of Rajya Sabha, presents the Global High Fashion Luxury Brand Award to Mr. Ajay Agarwal - Executive Director & Mentor, Donear Group & Mr. Bhupinder Singh - Head Sales, Ferrara.


FESTIVAL OF LIGHTS
happy
Diwali


FERRARA
Desire
Differently
Follow us on: /ferrarafabricsofficial | www.ferraraluxury.it
For business enquiries, please contact: Mr. Bhupinder Singh on +91 97800 22843 or email at bhupinder.singh@ocm.in


OCM
SINCE 1924
LUXURY SUITINGS & TWEEDS
#101yearsofOCM
MEET THE REAL YOU
Follow us on: /OCMPrivateLimited /ocmpvtltd | www.ocm.in
For business enquiries, please contact: Mr. Sanjeev Parashar on +91 96460 22856 or email at sanjeev.prashar@ocm.in

DONEAR® GROUP

# NEO STRETCH®

WORLD'S BEST 4WAY STRETCH FABRIC

A Donear Group Brand

powers

Bombay Times FASHION WEEK

An Initiative by THE TIMES OF INDIA

designed by PANKAJ SONI



**Avitesh Shrivastava** - Singer & Music Composer




**MJ5** - Winners of India's Dancing Superstar



**Sunny Singh** - Actor



L to R: **Aakash Mishra** - AVP Donear Group, **Avitesh Shrivastava** - Singer & Music Composer, **Sunny Singh** - Actor, **Pankaj Soni** - Designer & **Ajay Agarwal** - ED & Mentor Donear Group



The Freedom Collective by Grado & Donear



The Neostretch Retail Collection



The Freedom Collective by OCM

## SPOTTED AT BOMBAY TIME FASHION WEEK'25 - NEO STRETCH FREEDOM ZONE



**Terence Lewis**
Dancer, Choreographer & Singer



**Neil Nitin Mukesh**
Actor & Producer



**Lauren Gottlieb**
International Artist



**Eijaz Khan**
Film & Television Actor



**Divya Agarwal**
Actress & Producer


DONEAR® GROUP
NEO STRETCH®
WORLD'S BEST 4WAY STRETCH FABRIC
COMFORTABLE | EASILY STITCHABLE | UNIQUE TOUCH
MARKETED IN INDIA BY
MAYUR® STARS KI PASAND
DONEAR®
GRADO® LUXURY FABRICS
Ferrino Mizzoni® ITALIAN MAGNETISM
GRAVIERA® FINEST SUITINGS & SHIRTINGS
YouTube @donearstudios | Follow us on @neostretchindia


GRADO®
LUXURY FABRICS
A GBTL Brand
MADE TO LEAD
Follow us on: /GradoFabric /gradofabrics | https://gbtl.in
For business enquiries, please contact: Mr. Ajay Kumar Aggarwal on +91 98122 64961 or email at ajay.v.kumar@gbtl.in


The World of Linen
Linen Monde™



AVITESH SHRIVASTAVA
Music Composer & Singer

# डोनियर ग्रुप के NEO STRETCH

# The Freedom Collective ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2025 में बिखेरा जलवा

## NEO STRETCH द्वारा युवा डिजाइनर श्री पंकज सोनी के आकर्षक नए स्टाइल के साथ रैंप पर

**मुम्बई/** भारतीय वस्त्र उद्योग के अग्रणी फैशन और लाइफस्टाइल समूह में से एक डोनियर ग्रुप बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2025 का गौरवशाली प्रायोजक बना। जिसमें विश्व प्रसिद्ध Neo Stretch, 4 -Way Stretch फैब्रिक से बने परिधानों को पेश किया। यह कलेक्शन युवा डिजाइनर श्री पंकज सोनी के मार्गदर्शन में तैयार किए गए "The Freedom Collective" जो अत्याधुनिक फैशन के स्टाइलिश कलेक्शन पर जोर देते हुए इसके प्रदर्शन एवं स्टाइल को आगे बढ़ाते हैं।

इस फैशन शो की शुरूआत MJ5 क्रु द्वारा एक ऊर्जावान डांस से शुरू हुई। शुरूआत से लेकर अंत तक मंच पर हर समय ऐसा अनुभव जिसने फैशन को देखा नहीं बल्कि महसूस किया, जो Neo Stretch के गुणों को दर्शाती है।

ग्लेमर में चार चांद लगाते हुए प्रसिद्ध गायक, संगीतकार श्री आदेश श्रीवास्तव और प्रसिद्ध अभिनेत्री विजयता पंडित के पुत्र श्री अवितेश श्रीवास्तव ने कला और फैशन के अद्भुत सामंजस्य को दर्शाते हुए रन-वे की शोभा बढ़ाई। ग्रैंड फिनाले में अभिनेता श्री सन्नी सिंह, शो स्टॉपर के रूप में शामिल हुए। जिन्होंने अपने बोल्ड Neo Stretch परिधान में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

"The Freedom Collective" में डोनियर ग्रुप के हैरिटेज एवं प्रतिष्ठित ब्राण्ड OCM, GRADO एवं DONEAR शामिल है। 100 साल पूर्ण कर इतिहास बनाने वाला हेरिटेज ब्राण्ड OCM भारतीय वस्त्र बाजार में मजबूती के साथ खड़ा है। पॉलिएस्टर, विस्कोस एवं मिश्रित फैब्रिक्स में अपनी मजबूत उपस्थिति के जाने पहचाने ब्राण्ड GRADO आज बाजार में विविधता ला रहा है। इसी प्रकार 40 वर्षों से अधिक डोनियर अपने विश्वस्तरीय इनोवेशन डेवलपमेण्ट के दम पर आगे बढ़ रहा है।

शो में Neo Stretch Retail के Breathable और Shape Retention वाली फैब्रिक्स से तैयार किए गए सूट और अलग-अलग परिधानों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जिन्हें कैजुअल और सेमी-फॉर्मल दोनों माहौल में सजगता से पहना जा सके। प्रत्येक लुक नवीनता और स्थिरता को दर्शाता है। Neo Stretch Retail प्रीमियम 4 -Way Stretch फैब्रिक के साथ आराम और बहुमुखी प्रतिभा के लिए पुरुषों के फैशन में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

### डोनियर ग्रुप के बारे में

डोनियर ग्रुप भारतीय वस्त्र उद्योग में अग्रणी फैशन एवं लाइफ स्टाइल समूह है, जिसके डेवलपमेण्ट एवं डिजाइंस रिटेल मार्केट में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्शाता है। इसके प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग एवं रेडी टू वियर कलेक्शन भारतीय वस्त्र बाजार सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में डिमाण्ड के साथ बिकते हैं। OCM, GRADO और Donear जैसे ब्राण्ड्स के साथ कम्पनी हमेशा ऐसे उत्पाद तैयार करती है, जो फैशनेबल, स्टाइलिश एवं आकर्षक है।



SUNNY SINGH
Bollywood Actor





L - R: Rajesh Jain (Challenger, Bhayandar), Ajay Agarwal, ED - Donear Industries Ltd. & Suresh Jain (SK Enterprises)



Neo Stretch Retail Collection





Manish Shukla, GBTL Ltd.



Eijaz Khan, Film & TV Actor




MJ5







इस गौरवशाली अवसर पर **श्री राजेन्द्र अग्रवाल, मेंटर-डोनियर ग्रुप** ने कहा कि डोनियर ग्रुप हमेशा मानता है कि कपड़े सिर्फ पहनने से ज्यादा जरूरी उन्हें फील करना जो हमेशा पहनने वाले के आत्मविश्वास को दर्शाता है। Neo Stretch इसी सोच का प्रतीक है और बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में डिजाइनर पंकज सोनी के साथ हमने इस विविधता को प्रदर्शित करने के लिए शानदार मंच मिला है। इस आयोजन में प्रायोजक के रूप में Neo Stretch ने "The Freedom Collective" में मुख्य भूमिका निभाई। इसमें प्रदर्शित किया गया कि कैसे स्टाइल, प्रदर्शन और गतिशीलता एक साथ सहजता से आ सकती है। डोनियर ग्रुप में फैशन केवल पहना नहीं जाता, बल्कि वास्तव में जिया जाता है। डोनियर ग्रुप सदैव से फैशन को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है।



**डोनियर ग्रुप के कार्यकारी निदेशक श्री अजय अग्रवाल** ने कहा कि Freedom Collective हमारे सभी ब्राण्डों जैसे Neo Stretch 4 -Way Stretch फैब्रिक्स में GRADO की उत्कृष्टता, OCM की सदियों पुरानी डिजाइनिंग एवं डोनियर की विश्वसनीयता को एकजुट करने का एक अविश्वसनीय अवसर है। पंकज सोनी के साथ मिलकर हमें रेम्प पर प्रदर्शित किए सभी स्टाइलिश वस्त्र श्रृंखला हमारे आत्मविश्वास को दर्शाती है। बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक के प्रायोजक के रूप में हिस्सा बनने से Neo Stretch हमारे पूरे फैशन इंडस्ट्री में उत्साह का संचार कर रहा है।



**डोनियर ग्रुप के (AVP-ग्रुप ब्राण्ड मार्केटिंग) श्री आकाश मिश्रा** ने कहा कि बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक उन महत्त्वपूर्ण मंचो में से एक है, जहाँ फैशन पर बातचीत शुरू होती है और Neo Stretch के साथ इस आयोजन में प्रायोजक के रूप में आना हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। यह आयोजन डोनियर ग्रुप के निरंतर नये डेवलपमेण्ट, गुणवत्ता और डिजाइंस को दर्शाता है। Freedom Collective आज के फैशन का एक नया दृष्टिकोण है, जो दर्शाता है कि कैसे हमारे ब्राण्ड आज के फैशन के अनुरूप अग्रणी बने हुए हैं। जो उपभोक्ताओं को घूमने-फिरने की स्वतंत्रता, आरामदायक और आत्मविश्वास को सशक्त बनाता है।



# Pre-Launch of CMAI's Apparel Training Centre at Magus Fashion City, Bhiwandi



Mumbai/ The Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) successfully pre-launched its Apparel Training Centre (ATC) at the Magus Fashion City, Bhiwandi on 7th October 2025 with support from Magus Fashion City. The event witnessed participation from over 50 garment manufacturers and industry representatives, marking a significant step towards strengthening skill development in India's garment sector.

From CMAI, Naveen Sainani (Hon. General Secretary) and Anand Golecha (Chairman, ATC Sub-Committee) are spearheading this strategic initiative to build an industry-ready workforce to enhance manufacturing, productivity and empowering garment sector workers through targeted training to meet the industry's requirements of having a future ready workforce.

Since 2008, CMAI has been actively engaged in apparel training, having trained over 1,600 women sewing operators in Baramati Hi-Tech Textile Park, enabling employment opportunities across various factories. Under the Integrated Skill Development Scheme (ISDS) — Component II of the Ministry of Textiles, Govt. of India, CMAI was appointed as an Implementing Agency to train 35,000 trainees during the 12th Five Year Plan (up to March 31, 2017). CMAI exceeded this target by training 37,478 trainees, assessing 35,475, and successfully placing 28,748 in garment factories nationwide by the end of the period.

From April 1, 2017 to March 31, 2018, CMAI continued its momentum by training 6,167 additional trainees, assessing 5,972, and placing 4,742 individuals. In total, CMAI has trained 43,645 trainees, assessed 41,447, and placed 33,490 in relevant employment under the ISDS, reinforcing its commitment to skill development.

At the pre-launch, Naveen Sainani stated "CMAI Apparel Training Centre at Magus Fashion City, Bhiwandi will serve as a strategic hub for upskilling local garment workers, promoting productivity, and developing a skilled workforce prepared to meet global industry standards."

CMAI has planned to extensively operate this Training Centre with collaborative industry efforts in order to empower and uplift the garment manufacturing community.

About CMAI

The Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) is the most representative association of the Indian apparel industry having over 7,000 members and serving more than 50,000 Retailers. Its Membership consists of Manufacturers, Exporters, Brands, and ancillary industry. CMAI advocates regarding policies and also guides and encourages its members on ESG related matters and initiatives. In 2019, CMAI launched the SU.RE initiative to encourage members to embrace sustainability.

Established over sixty years ago, CMAI has contributed immensely towards development of the industry. In 1978, CMAI had led the creation of the Apparel Export Promotion Council (AEPC). CMAI is also authorised by the Government of India to issue Certificate of Origin (Non-Preferential) to Exporters. CMAI is the only Indian Association that represents the entire Indian Apparel Industry & Trade on prestigious international forums such as International Apparel Federation (IAF) headquartered in Netherlands.

# ग्रे से लेकर फिनिश फैब्रिक में अग्रणी

# माहेश्वरी सेल्स कॉर्पोरेशन

## निरन्तर अपने मार्केटिंग नेटवर्क पर जोर

इचलकरंजी

स्थानीय वस्त्र मण्डी में श्री रामविलासजी मून्दड़ा ने अपने व्यापार की शुरूआत की और आज वे एक प्रतिष्ठित वस्त्र व्यापारी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर निरन्तर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री माहेश्वरी सेल्स कॉर्पोरेशन की स्थापना कर श्री रामविलासजी मून्दड़ा द्वारा अपनी धोती फैब्रिक की क्वालिटी एवं नित नये इनोवेशन पर ध्यान केन्द्रित किया और आज उनके सुपुत्र श्री राम मून्दड़ा निरंतर पिताश्री के नक्शे कदम पर चलते हुए व्यापार को निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं। व्यापार को बढ़ाते हुए उन्होंने सिमको लूम्स एवं रूटीसी मशीनों की स्थापना कर उच्च क्वालिटी की फैब्रिक में अपनी पहचान स्थापित की और आदित्य ब्राण्ड के नाम से उत्पादन शुरू किया। विदित रहे कि कम्पनी अपने आदित्य ब्राण्ड के अंतर्गत ग्रे से लेकर फिनिश फैब्रिक, एक्सपोर्ट क्वालिटियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है।

श्री मून्दड़ा ने बताया कि हम अपने व्यापार में निरन्तर बढ़ोतरी करते जा रहे हैं, जिसमें अत्याधुनिक हाई स्पीड की टोयटो, एयरजेट ई शेडिंग मशीनों पर कॉटन फैब्रिक का उत्पादन शुरू कर बेहतरीन कपड़ा डाईंग, फिनिशिंग और गारमेण्टिंग करके अपने ब्राण्ड 'आर आर मून्दड़ा' के नाम से कपड़ा सप्लाई कर रहे हैं।






### आदित्य मार्केटिंग

श्री मून्दड़ा ने कहा कि हमारे फैब्रिक की दिनों-दिन बढ़ती डिमाण्ड को ध्यान में रखते हुए हमारी सिस्टर कंसर्न 'आदित्य मार्केटिंग' की स्थापना कर इसका सम्पूर्ण संचालन मेरे सुपुत्र श्री आदित्य मून्दड़ा द्वारा किया जा रहा है। श्री आदित्य मून्दड़ा एमबीए की अपने शैक्षणिक योग्यता को पूरी कर अपने दादाश्री एवं पिताश्री के नक्शे कदम पर चलते हुए अपने पारिवारिक व्यापार में हाथ बंटा रहे हैं। उन्होंने बताया आदित्य मार्केटिंग के अंतर्गत हमारे द्वारा अत्याधुनिक एयरजेट लूम्स की स्थापना की गई जिस पर कॉटन फैब्रिक, डोबीज, लाइक्रा व डिजाइनिंग फैब्रिक का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर भारत की तमाम मण्डियों में सप्लाई कर रहे हैं। इसके साथ ही दूसरे सुपुत्र श्री कु. शुभम राम मून्दड़ा D.K.T.E. से डिप्लोमा व टेक्सटाइल इंजिनियरिंग करके मुम्बई में एस. पी. जैन ग्लोबल संस्था से ग्लोबल फैमिली बिजनेस मैनेजमेंट का कोर्स किया है और अपने फैमिली बिजनेस को जॉइन करके इसे आगे बढ़ा रहे हैं।

### भावी योजना

श्री मून्दड़ा ने बताया कि भावी योजनाओं के अंतर्गत हम वायडर लूम के साथ नई फैक्ट्री स्थापित कर रहे हैं, इससे हमें अन्य बाजारों में प्रवेश करने में मदद मिलेगी और इससे हमारी उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। हमारा ध्यान हर ग्राहक को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला कपड़ा देने पर है। ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध हमारी सफलता की कुंजी है। अब हमारी कम्पनी मूल्यवर्द्धित कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और बेहतर व सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ फिनिश फैब्रिक्स में अपार कदम रख रहे हैं। हम ग्रे फैब्रिक का निर्यात करने जा रहे हैं।

A World of Fabrics,
Woven Under One Roof.



TM
ADITYA MUNDRA GROUP

MANUFACTURES OF ALL TYPES OF FABRIC & DHOTI

With Best Compliments
From
Maheshwari
SALES CORPORATION

RAMVILAS C. MUNDRA I RAM R. MUNDRA
ADITYA R. MUNDRA I SHUBHAM R. MUNDRA

9423040003, 9040305040 sales@adityamundragroup.com

OFFICE: Gat No.10, Bldg. No. 204, Near Kamal Laxmi Mangal Karyalaya, Industrial Estate, ICHALKARANJI 416 115, Tal.Hatkanangale, Dist.Kolhapur, Maharashtra

FACTORY: 804/420-425, New Industrial Estate, Babasaheb Khanjire Nagar, Shahapur, ICHALKARANJI 416 115, Tal.Hatkanangale, Dist.Kolhapur, Maharashtra

www.adityamundragroup.com




Happy Diwali
पाक्षिक
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-10-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-28 अंक-08 भीलवाड़ा/07 अक्टूबर 2025 कुल पृष्ठ- 50+10 = 60 मूल्य : 25 रुपए


























# सीसीआई ने वर्ष 2024-25 में सीजन की 89 लाख गांठ कॉटन बेची

**नई दिल्ली/ दीपक जोशी**

सरकारी एजेंसी कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने हाल ही में समाप्त हुए सीजन में खरीदी गई कॉटन में से लगभग 89 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) बाजार में बेच दी है और चालू सीजन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। देश की मण्डियों में कॉटन की आवक में वृद्धि के साथ ही यह खरीद में तेजी ले आएगी। उल्लेखनीय है कि सीसीआई ने वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितम्बर) के दौरान किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी पर लगभग 100 लाख गांठ कॉटन की खरीद की थी। इसके अतिरिक्त उसके पास वर्ष 2023-24 सीजन की भी कुछ कॉटन पड़ी हुई थी।

जानकारों का कहना है कि वर्ष 2023-24 की कॉटन का स्टॉक समाप्त हो चुका है, जबकि गत वर्ष की लगभग 89 लाख गांठ कॉटन बेची है। सितम्बर के दौरान सीसीआई ने स्टॉक खाली करने के लिए भारी डिस्काउंट पर कुल 16.09 लाख गांठ बिकी, इसमें लगभग 11.05 लाख गांठ केवल व्यापारियों ने खरीदी और बाकी मिलों ने। इसी बीच देश की मण्डियों में कॉटन की आवक आरंभ हो गई है तथा इस समय दैनिक आवक लगभग 40,000 गांठ हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष दक्षिणी भारत की मण्डियों में कॉटन की आवक कुछ जल्दी आरंभ हो गई है तथा आगामी दिनों में इसमें और वृद्धि का अनुमान है। हालांकि, कॉटन सीजन एक अक्टूबर से आरंभ हो गया है और सीसीआई ने पूरी तैयारी कर ली है, लेकिन अभी तक कोई खास खरीद नही हो पाई है तथा किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से कम रेट पर कॉटन बेचनी पड़ रही है।

अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ लगा देने के बाद टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात कम होने की आशंका और विश्व बाजार में कॉटन के नीचे भाव को देखते हुए इस समय मिलों और व्यापारियों की मांग सीमित है तथा जानकारों का मानना है कि अधिकांश कॉटन सीसीआई को ही खरीदनी पड़ेगी। सीसीआई ने इस वर्ष देश में कॉटन खरीद के लिए 550 केंद्र -जो एक रिकॉर्ड है को खोलने का फैसला किया है। सरकार ने चालू वर्ष के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य मीडियम रेशे की कॉटन के लिए 7,710 रूपए प्रति क्विंटल और लम्बे रेशे की कॉटन के लिए 8,110 रूपए निर्धारित किए हैं।

**चालू वर्ष में खरीद-** सीसीआई सूत्रों का कहना है कि इस वर्ष 140 लाख गांठ तक हो सकती है, क्योंकि मिलों की मांग कमजोर है और कॉटन का आयात भी बढ़ रहा है। इससे पूर्व सीसीआई ने कोरोना काल में वर्ष 2019-20 के दौरान 124.61 लाख गांठ की रिकॉर्ड खरीद की थी। उस वर्ष देश में कॉटन का उत्पादन 365 लाख गांठ का हुआ था, जबकि लॉकडाऊन के कारण औद्योगिक गतिविधि ठप्प हो गई थी। वर्ष 2020-21 में खरीद घटकर 99.33 लाख गांठ रह गई थी, जबकि बाजार में भाव एमएसपी से ऊँचे होने के कारण लगातार दो वर्ष 2021-22 और 2022-23 में सीसीआई को कॉटन खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ी, लेकिन वर्ष 2023-24 में उसने 32.84 लाख गांठ की खरीद की और चालू वर्ष में लगभग 100 लाख गांठ की खरीद की।

व्यापारियों का कहना है कि विश्व बाजार में कॉटन के भाव कई माह के सबसे निचले स्तर पर बने हुए हैं और आयातित कॉटन घरेलु बाजार की तुलना में सस्ती पड़ रही है, क्योंकि सरकार ने 31 दिसम्बर तक कॉटन का आयात ड्यूटी फ्री किया हुआ है। न्यूयार्क में दिसम्बर वायदा कॉटन गिरकर 65 सेंट तक आ चुकी है, जो कई महीने का सबसे निचला स्तर है। जानकारों का कहना है कि भाव गिरकर 62 सेंट तक आ सकते हैं, क्योंकि विश्व बाजार में चीन की मांग नहीं है। अमेरिका में कॉटन की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है।

शेषांश पृष्ठ 14 पर


















# MEG पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी की अनुशंसा से वस्त्र उद्योग चिंतित

## लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधि मण्डल मिला मंत्रालय से



नई दिल्ली/ लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मण्डल ने सिंथेटिक यार्न निर्माण में उपयोग होने वाले पेट्रोकेमिकल कच्चे माल मोनो एथिलीन ग्लाइकॉल (MEG) पर प्रस्तावित एंटी-डंपिंग ड्यूटी को लेकर दिल्ली में मिनिस्ट्री ऑफ केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स की सेक्रेटरी श्रीमती निवेदिता शुक्ला वर्मा एवं जॉइंट सेक्रेटरी श्री दीपक मिश्रा से मुलाकात की। डीजीटीआर (Directorate General of Trade Remedies) द्वारा दिनांक 23 सितंबर 2025 को वित्त मंत्रालय को भेजे गए पत्र में टेक्सटाइल सेक्टर में पॉलिएस्टर निर्माण हेतु प्रयुक्त MEG पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने की अनुशंसा की गई थी। प्रतिनिधि मण्डल में लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय महामंत्री श्री ओमप्रकाश जी गुप्ता, अखिल भारतीय वस्त्र उत्पाद प्रमुख एवं राजस्थान चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष श्री महेश हुरकट तथा पॉलिएस्टर-टेक्सटाइल-अपेरल इंडस्ट्री से श्री आर. के. विज (Indorama) शामिल थे। बैठक में श्री महेश हुरकट ने बताया कि भारत में MEG की कुल माँग लगभग 31 लाख मीट्रिक टन है, जबकि घरेलु उत्पादन मात्र 19 लाख मीट्रिक टन ही है, जिससे लगभग 12 लाख टन का शॉर्टफॉल बना रहता है। उन्होंने कहा कि 'पहले से ही PTA एवं MEG दोनों प्रॉडक्ट्स पर QCO (Quality Control Order) लागू है, जिससे कुछ चुनिंदा देशों से ही नियंत्रित आयात हो रहा है। ऐसे में एंटी-डंपिंग ड्यूटी लागू करना अनुचित होगा।' उन्होंने आगे कहा कि यदि यह ड्यूटी लगाई जाती है, तो इससे पॉलिएस्टर यार्न की दरों में वृद्धि होगी, जिससे टेक्सटाइल की डाउनस्ट्रीम एमएसएमई यूनिट्स पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही कच्चे माल की लागत अंतरराष्ट्रीय स्तर से असंगत हो जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप फैब्रिक एवं गारमेण्ट के निर्यात में कमी आ सकती है।

श्री हुरकट ने यह भी कहा कि 'गारमेण्ट उद्योग पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण प्रभावित है और यदि MEG पर अतिरिक्त शुल्क लगाया गया तो यह उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को और कम करेगा।' इसके अतिरिक्त हाल ही में जीएसटी ढांचे में किए गए सुधारों का लाभ भी समाप्त हो जाएगा और अंतिम उपभोक्ता तक इसका असर नहीं पहुँच पाएगा।

सेक्रेटरी श्रीमती निवेदिता शुक्ला वर्मा ने प्रतिनिधि मण्डल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि MEG की वस्तुस्थिति एवं शॉर्टफॉल से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी वित्त मंत्रालय को भेजी जाएगी, ताकि नीति-निर्माण के दौरान उद्योग के हितों का समुचित ध्यान रखा जा सके।




# नवरात्रि में ग्राहकी जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

स्थानीय बाजार में नवरात्रि से ग्राहकी अच्छी चल रही है, जिससे बाजार में रौनक है। हर प्रकार की शॉप सजने लग रही है। आगे लग्न और दिवाली होने से ग्राहकी अच्छी चलने की पूरी उम्मीद है। रिटेल व्यापारी अपनी दुकानों में खरीददारी कर चुके हैं। अब मिलों में पेमेंट जाना शुरू हो गया है।शिवम साड़ी शोरूम कुण्डमण्डी के यहाँ प्रिंट साड़िया एवं पेंट-शर्ट के जोड़े की डिमाण्ड अच्छी आ रही है। पंवार टेलर्स के यहाँ कुर्ता-पायजामा, पेंट-शर्ट, लोअर की सिलाई एडवांस में चल रही है। वह पेंट-शर्ट 1000 से 1200 रूपए तथा कुर्ता-पायजामा 800 रूपए में सिल रहा है। हिमांशु वस्त्र भण्डार अटेली के यहाँ ग्राहकी अच्छी है। यहाँ हर प्रकार की साड़ी, सूट, पेंट-शर्ट के भाव फिक्स कर रखा है। सास बहू साड़ी शोरूम के यहाँ साड़ी, लहंगा, चुन्नी की ग्राहकी अच्छी है। दिलावर रेडीमेड के यहाँ बच्चों की ड्रेस अच्छी बिक रही है और डिजाइन में नई-नई शर्ट, जींस आदि अच्छी बिक रही है। अतः बाजार में ग्राहकी अच्छी चल रही है।




# त्योहारी सीजन में शक्कर पिछले साल की तुलना में महंगी

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

केंद्र सरकार ने अक्टूबर माह का शक्कर कोटा 24 लाख टन जाहीर किया है। गए साल की तुलना में इस वर्ष 1.25 लाख टन शक्कर कोटा कम किए जाने से उतनी शक्कर खुले बाजार में कम आने वाली है, जिसके चलते दिवाली के समय शक्कर प्रति क्विंटल 50 से 100 रूपए महंगी होने की संभावना है।

केंद्र सरकार की ओर से हर माह को शक्कर कोटा जाहीर किया जाता है। त्योहारों में शक्कर की मांग है फिर भी देश में होने वाली शक्कर की और मांग को देखते हुए केंद्र सरकार कोटा जाहीर करती है। सितंबर माह के लिए लगभग 23.5 लाख टन शक्कर का कोटा खुला किया था। अक्टूबर माह में दिवाली का त्योहार है, इसके चलते बाजार में शक्कर की मांग बढ़ेगी फिर भी केंद्र सरकार ने कोटा कम छोड़ा है।

बाजार में शक्कर 3900 रूपए - खुले बाजार में अच्छी तेजी है, जिससे घाऊक बाजार में प्रति क्विंटल 3900 रूपए और उस पर 5 फीसदी जीएसटी दर है, जिसके चलते किरकोल बाजार में अच्छे प्रति की शक्कर 45 रूपए किलो है। दिवाली में इसमें बढ़ोतरी हो सकती है।























# दीपावली सीजन के चलते मार्केट में अच्छी चहल-पहल

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

स्थानीय मण्डी में उत्पादन गति परिलक्षित होने लगी है। साथ ही चालानी उत्तरोतर संतुष्टीपरक बनती जा रही है। बादलों के छाने व बूंदाबांदी के फलस्वरूप उत्पादन बाधित होता है फिर भी उत्पादन के प्रति उद्यमी सचेष्ट हैं। पेमेंट की आवक में सुधार निरंतर हो रहा है, क्योंकि अधिकांश उद्यमियों ने नियत समय पर भुगतान करने वाले व्यापारियों को ही प्राथमिकता देनी प्रारंभ कर दी है। पोपलीन, पेटीकोट, रूबिया, गमछा, साड़ीफॉल, नाईटी क्लॉथ, शर्टिंग, पॉकेटिंग क्लॉथ, टेंट क्लॉथ आदि में ग्राहकी का स्वर उभरा है, इससे बाजार में तेजी के रूख को बल मिल रहा है। अनायास बरसात होने या कहें कि मौसम की प्रतिकूलता के परिणामस्वरूप उत्पादन की गति कुण्ठित होती रहती है, इससे नियमित चालानी की रफ्तार संकुचित हुए बिना नहीं रहती। वर्तमान में ऑफर तो बहुत आ रहे हैं, परंतु तैयार माल की कमी से उन्हें पेंडिंग स्तर पर रखने को मजबूर होना पड़ता है। फिलहाल लम्बा काम करने वाले ब्राण्डधारक उद्यमियों के पास माल की प्रचुरता के कारण चालानी अच्छी है, परंतु छोटी यूनिटों को विशेष परेशानियों से गुजरना पड़ता है। ग्रे क्लॉथ के भावों में कोई विशेष परिवर्तन की सम्भावना यहाँ के उद्यमी व्यक्त कर रहे हैं। साथ ही कहा जा रहा है कि जिन क्वालिटीज की विशेष मांग है, उनकी सप्लाई मंद गति पर है। ऐसी स्थिति में मिलों को चलाने के लिए या यूं कहें कि श्रमिकों के पास काम रहे। इसलिए उद्यमियों का दूसरा माल भी तैयार करना पड़ता है।

दीपावली का त्योहार नजदीक होने से अच्छी चहल-पहल परिलक्षित होने लगी है। मौसम अनुकूल न होने के उपरान्त भी उत्पादन लेने में माल दागी-धब्बेदार व अन्य खराबियों से ग्रस्त हो जाता है तो फेक्ट रेंज और दूसरा माल अधिक निकलता है, जिससे उत्पादन लागत बढ़ जाती है। यहाँ के उद्यमी निरंतर गुणवत्तायुक्त माल बनाने में व्यग्र नजर आने से दिसावरी मण्डियों में स्थानीय उत्पादों की साख अच्छी बनी है।

पेंशनर समाज का अधिवेशन यहाँ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसमें जिले के एक हजार से अधिक पेंशनर्स, जनप्रतिनिधि, भामाशाह परिवार व विभिन्न समाज के शीर्षस्थ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्रीमती प्रभा किशोर सिंघवी के योगदान का स्वागत किया गया। सर्वसम्मति से पुनः श्री शंकर लाल सलुन्दिया को अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर विशेष वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा स्मारिका धरोहर की साज-सज्जा की सराहना की गई।













HI-FABRIQUE ® H-F BANGALORE

HI FABRIQUE INC.®

Corporate Office :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com

Mumbai Office :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5,
Off Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com

www.hifabrique.com

Venerdi® ITALY




TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

@TESSITURAMONTI.INDIA

Tessitura Monti India Pvt. Ltd. BORN IN ITALY 1911



happy Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
A COMPLETE HOUSE OF PREMIUM DESIGNER UNIFORM FABRICS
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
Renlon®
Uniforms & Suitings
spunshades
by Birla Cellulose
FADE-RESISTANT UNIFORM FABRICS
Renlon Uniforms crafted with Spunshades introduces fade-resistant uniform fabrics.
A Brand Owned By
VIKAS SYNTEX PRIVATE LIMITED
(An ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY)
EMAIL : vikas_syntex@yahoo.co.in, WEBSITE : www.vikassyntex.com




MODERN MARWAR
Happy Diwali
MARUVESH
Singh
CHOTE BANNA
MEECHEE
MUMALVESH
MODERN MARWAR PRIVATE LIMITED
Store :- Opposite Gehlot Classes, Near BSNL Office Manji Ka Hatha, Paota, Jodhpur, 92142 21136
Factory :- H1-197,Mandore Riico Industrial Area 9 Mile Mondore Jodhpur - 342007, 94142 21136
modern_marwar
hsk@modernmarwar.com
www.modernmarwar.com




J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
1 Open Google Lens.
2 Tap the magnifying glass icon.
3 Point your camera at the QR code.
4 Tap the pop-up that appears to view the QR code content.
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow | Bareilly
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

# आज की परिस्थिति में मानवीय गुणों की पहचान और उपयोगिता



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट
सम्पर्क-74258 13125

जयपुर शहर में नवरात्रि में पहले दिन लगभग 50,000 कारों का बिकना भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और सरकार द्वारा लिए मजबूत कदमों को दर्शाता है। वर्तमान समय उद्योग में लगे आर्थिक प्रहरियों पर निर्भर हैं कि वह जापान के लोगों की तरह अपने उत्पाद को बनाने में गर्व महसूस करते हुए राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे। आज चाहे टेक्सटाइल उद्योग हो, रहन-सहन हो, सामाजिक वातावरण हो या आदमियों की सोच बहुत तेजी से बदली और बदल रही है। आज खुले बाजार में ग्राहक की चुनने की क्षमता में बदलाव भी देखे जा रहे हैं।

आज गुणवत्ता के अलावा दाम एवं ग्राहक सेवा भी बहुत जरूरी हो जाती है और धागे के बारे में बात करे, तो कपड़े की गुणवत्ता, लूम की एफिशिएंसी पर इसका सीधा असर देखा जाता है। गुणवत्ता में उपयोगी टूल्स को सब जानते है, लेकिन आज हम उपरोक्त टूल्स पर काम करने वाले मानव की क्वालिटी के बारे में बात करेंगे।

**एक कहावत जो कहती है-**
**'मानव ऐसे चाहिए, जैसा सूप स्वभाव,**
**सार-सार गही रहे, थोथा देही उड़ाए।'**

निम्नलिखित बिंदुओं के परिवेश में आज मानव के व्यवहार और कारण को ढूंढने का प्रयास करते हैं -

**CASE 1** - बांग्लादेश के जन आंदोलन में संलिप्त लोगों ने हत्या, यहाँ तक विरासत को नहीं बक्शा।

**CASE 2** - नौकरी की परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट या पर्चा चोरी का पाया जाना।

**CASE 3** - एक प्रोफेसर म्यूजियम से एक मूर्ति की चोरी में पाए गए और पकड़े गए।

**CASE 4** - फिल्म - 3 इडियट्स से चर्चा में आए वांगचुक के आंदोलन में उग्र भीड़ ने सरकारी सम्पत्ति को नुकसान के साथ कुछ लोगों को जान से हाथ धोना देखा गया।

**CASE 5** - भारत-पाक क्रिकेट मैच के दौरान पड़ोसी मुल्क के खिलाड़ियों द्वारा खेल भावना को नजरअंदाज करना।

अगर, हम इन बिंदुओं को ध्यान से समझे, तब कहीं न कहीं मानव के व्यवहार को देखने की जरूरत है। मतदान में लोगों की भागेदारी आँख खोलने के लिए काफी है। सवाल है- क्यों संख्या में कम गलत लोग, ज्यादा अच्छे लोगों की संख्या में सफल हो जाते है? किसी ने सही लिखा है कि साधन की बजाए नीयत और साधना सही होनी चाहिए। रावण के पास साधन थे, मगर सहीं नीयत नही थी और ज्ञान था, मगर उसका सही प्रयोग नहीं किया। आज सोशल मीडिया में कुछ मीडियाकर्मी हर देश के प्रदर्शन को Gen Z से लिंक करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें शायद उसका और मीडिया को विज्ञापन द्वारा धन देने वालों का हित छिपा होता है। आइए, इस गुत्थी को सुलझाने के लिए Gen Z के कुछ प्रमुख गुणों को समझने का प्रयास करते हैं। इनमें ज्यादा बौद्धिक विकास, जागरूकता, ईमानदार, नई सोच इत्यादि प्रमुख है।

क्या इनको हिंसा, अराजकता के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

सरकारी एजेंसियों ने भी शुरुआती जाँच में हिंसा में शरारती तत्व, देश विरोधी और हताश लोगों का हाथ देखा गया है। जवाब है- नहीं, क्योंकि जो बौद्धिक, जागरूक और ईमानदार है, वह कभी-भी हिंसा, सम्पत्ति को नुकसान नहीं कर सकता।

क्या आप सहमत है?

तो फिर कौन लोग है, जो इनकी आड में अपना उल्लू साध रहे हैं? जवाब, पहले दे दिया गया है। आज के समय हम रोबोट बनाने में लगे हैं, जो मानव जैसा कार्य कर पाए। मगर क्या हमारे वैज्ञानिक परि-स्थति के हिसाब से मानव को बनाने की कोशिश कर पाए है?

किसी भी बड़े व्यक्ति के व्यवहार का अध्ययन करेंगे, तो उसमें कोई न कोई कमी मिल जाती है और लोग उसकी अच्छी बातों को नजरअंदाज कर वक्त के साथ उसकी आलोचना करते रहते हैं। मेरा मानना है कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, जो दूसरे प्राणियों से सोच-समझकर कार्य करने में आगे हैं, लेकिन जब उसका अपना स्वार्थ (संतान प्रेम, कुर्सी, नाम, सम्पत्ति) को नुकसान में देखता है, तब वह किसी भी हद तक गिरकर अपने बचाव के लिए कार्य करने लगता है। आज कार्यक्षेत्र में भी सिर्फ अपने डिपार्टमेण्ट के कार्यों के विश्लेषण में एक बात जोड़े कि मेरे बनाए हुए उत्पाद का प्रयोग करने वाली मशीन/ग्राहक को क्या कोई दिक्कत आ तो नहीं रही? कई बार स्पिनिंग में स्पीडफ्रेम या रिंगफ्रेम में वर्किंग सुधारने के लिए जरूरत से ज्यादा ट्विस्ट उस माल का इस्तमाल करने वाले साथियों को हार्ड एंड स्लब जैसी प्रॉब्लम पैदा कर देती है, जिससे कपड़े की क्वालिटी पर सीधा असर होता है।

अब क्या किया जाए? यहाँ अपने संस्कार, कार्यों को जाँचना होगा और अपने अन्दर उठे विचारों को निम्नलिखित सवालों से परखे।

1. क्या मौजूदा परिस्थितियों में यह उत्तम है?
2. क्या इससे विश्व, देश, कार्यक्षेत्र, समाज और परिवार को फायदा है?
3. क्या यह कार्य से नीति और नीयत में समानता है?

मेरा मानना है कि आज की युवा पीढ़ी हो या बेबी बूमर्स की जमात सभी नीति और नीयत में समानता चाहते हैं। सब इज्जत, दिमाग का उपयोग, महत्त्वपूर्ण लगना और संसार से जाने के बाद लोगों का उसके कार्यों से याद करना होता है। अगर इनमें से एक भी विकल्प में न है, तो रूके और उस विचार को छोड़, दूसरे विचार पर ध्यान दे। संस्कारों का बीज बेहतर परवरिश, ज्ञान और समाज से आता है। मेरा मानना है कि अगर हम अपने बच्चों को सही शिक्षा देंगे, तभी समाज, कार्यक्षेत्र, देश और विश्व रहने लायक होगा। राष्ट्रीय चरित्र, कार्यक्षेत्र या समाज का चरित्र, उसकी इकाई यानी मानव पर निर्भर है यानी आदमी को सुधारने से ही राष्ट्रीय चरित्र सुधरता है। आप किसी भी पद हो, डिग्री के साथ राष्ट्र प्रेम, ईमानदारी, बात करने की कला, गुस्से पर काबू ,दूसरों की इज्जत, टीमवर्क, करूणा, मेहनत के अनुसार पैसा, सीखने की इच्छा इत्यादि गुणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हमारे विचारों का सीधा असर संस्कारों पर है। आज के युवा को IQ के अलावा PQ, EQ और SQ पर कार्य कर अपनी ऊर्जा को कार्यक्षेत्र, समाज और देश के उत्थान की ओर ले जाकर उनके प्रति कर्तव्यों की तरफ ध्यान देना होगा। मेरा मानना है कि इसके लिए हर क्षेत्र में काउंसलर के पद रखने चाहिए, जो उस क्षेत्र के मानवीय संबंधों को समझे और ईलाज करने में सक्षम हो।




## दी ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केंटाइल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**ग्वालियर/** दी ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केंटाइल एसोसिएशन नया बाजार, ग्वालियर का शपथ ग्रहण समारोह पिछले पखवाड़े होटल सुरभि नया बाजार में संपन्न हुआ, जिसमें चुनाव अधिकारी श्री नरेश सिंघल द्वारा सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रीतम बघेल को शपथ ग्रहण कराई गई। उसके बाद अध्यक्ष श्री प्रीतम बघेल द्वारा अन्य सभी उपस्थित पदाधिकारियों उपाध्यक्ष श्री कैलाश मित्तल, सचिव श्री विजय जाजू, कोषाध्यक्ष श्री सुनील सरावगी, सह सचिव श्री बसंत अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## व्यापारी बंधुओं की समस्याएं उठाई बैठक में



**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में 6 अक्टूबर 2025 को आईटीआई सभागार में मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देशित व्यापारीबंधुओं की बैठक सीडीओ श्री कमल किशोर कंडारकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जीएसटी से संबंधित, गुड़ मण्डी से संबंधित, मापतौल, विद्युत सप्लाई, कुत्तों, बंदरों, मच्छरों आदि से संबंधित 20 से अधिक समस्याओं को उठाया गया। एक ज्ञापन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नाम सीडीओ साहब को सौंपा गया, जिसमें 21 सितंबर तक का जीएसटी रिटर्न एक बार लेने व 22 सितम्बर से जीएसटी की दरों में परिवर्तन होने के कारण अक्टूबर माह के साथ लेने की माँग की गई। साथ ही जिन वस्तुओं पर कर की दरें घटायी गई हैं, उन वस्तुओं का पुरानी दरों पर भुगतान किया तथा बचे स्टॉक का कर व्यापारियों को वापस दिलाने की मांग की गई। रेडीमेड वस्त्रों पर 2500 रूपए से अधिक मूल्य की जीएसटी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे गरीब एवं मध्यम स्तर की बिटिया की शादी में बनने वाला लहंगा आदि वस्त्र महंगे हो गए हैं। अतः 2500 रूपए को बढ़ाकर 10,000 करने की मांग की गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष, श्री अजय कुमार सिंघल द्वारा स्थानीय समस्याओं में विद्युत सप्लाई में बाधाओं को दूर करने, मच्छर, बंदरों, कुत्तों के प्रकोप से निजात दिलाने, सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने व सिटीजन चार्टर लागू करने की मांग की गई। श्री अजय कुमार सिंघल नगर अध्यक्ष, श्री श्याम सिंह सैनी जिला महामंत्री, श्री संजय मित्तल, श्री दिनेश बंसल, श्री अनिल तायल, श्री महेश चौहान, श्री विश्वदीप गोयल बिट्टू आदि ने बैठक में प्रतिभाग किया। मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी कपड़ा मार्केट्स में कामकाज सामान्य तौर पर अच्छे चल रहे हैं, जिन व्यापारियों के पास ग्राहक की मांग के अनुसार नई बेहतरीन क्वालिटी उचित दामों पर उपलब्ध है तथा जो उधारी सोच-समझकर पात्र ग्राहक को ही दे रहे हैं, उनके काम बहुत अच्छे चल रहे हैं। वहीं जहां कहीं किसी बिन्दु पर जरा भी गलती है, वहाँ छोटा व्यापारी पेमेंट अभी-भी सुचारू नहीं कर पा रहे हैं, जबकि समझ-बूझ के साथ व्यापार करने वालों के अधिकांश के काम प्रत्येक सेगमेण्ट में अच्छे हैं।

## मार्केट में ग्राहकी का दौर शुरू

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में दशहरा के बाद ग्राहकी हलचल शुरू हो गई है और सर्दी के आयटम शॉल, कम्बल, स्वेटर, ब्लेजर, लोई इत्यादि का माल आ चुका है। सूरत, पाली, बालोतरा, मुम्बई, जोधपुर, लुधियाना का माल रेग्युलर आ रहा है। साथ ही ड्रेस मटीरियल, साड़ियां, सलवार सूट, धोती जोड़ा, टेरी रूबिया हल्का, भारी एवं रेडीमेड ब्लाउज, वूली प्लेन व प्रिंट, इण्डो-प्लेन, प्रिंट, रोटो, माइक्रो, फैंसी बेस, सूटिंग-शर्टिंग प्रिंटेड व रेमण्ड, सियाराम, डोनियर, ओसवाल, कंचन ग्रुप, मितवा शर्टिंग आदि का माल आ रहा है। पेमेंट की आवक ठीक है।




# वस्त्र बाजार में हलचल शुरू

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

आलोच्य पखवाड़े में श्राद्धपक्ष के चलते बाजार बिल्कुल सुस्त था, परंतु नवरात्रि के शुभारम्भ के साथ ही सुगबुगाहट शुरू हो गयी। नवरात्रि अनुष्ठान के चलते वस्त्र बाजार में ट्रेडिशनल परिधानों की जबरदस्त मांग देखी गयी। गरबा और डांडिया में युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शहर के बड़े-बड़े होटल्स और रिसोर्ट्स के अलावा सार्वजनिक पार्कों, गली-मोहल्लों आदि जगह गरबा का आयोजन हुआ।

नवरात्रि में इन 9 दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान में प्रतिदिन अलग-अलग ड्रेस में डांडिया करने के चलन से वस्त्र बाजार में ऐसे परिधानों की बहुत अच्छी बिक्री हुई। इनके अलावा अन्य प्रकार के वस्त्रों में भी कुछ बिक्री में सुधार हुआ। श्राद्धपक्ष के ऑफ सीजन में वस्त्र व्यापारियों ने नवरात्रि के वस्त्रों का स्टॉक मंगवा लिया था, जिससे व्यापारियों को ऐन वक्त पर भाग दौड़ नही करनी पड़े। साथ ही बड़े गोदाम रखने वाले वस्त्र व्यापारियों ने आने वाले दीपावली सीजन के माल का काफी कुछ स्टॉक अभी से मंगवा लिया और छोटे वस्त्र व्यापारी सीजन का माल मंगवाने की तैयारी में है। शहर में तिब्बतियन ऊनी वस्त्र व्यापारियों का आगमन भी शुरू हो गया है और कुछ ही दिनों में ऊनी वस्त्र बाजार भी सजकर तैयार हो जाएगा। इनके ऊनी वस्त्रों के बड़े-बड़े पार्सल ट्रांसपोर्ट कम्पनी से गन्तव्य तक जाते हुए सड़कों पर नजर आने लगे हैं। विशेषज्ञों की माने तो आने वाले दिनों में वस्त्र बाजार में बम्पर सेल देखने को मिल सकती है।









SINCE 1905 Mafatlal®

# की कसौली कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन

## टॉप एजेंट व डीलर्स को किया सम्मानित



**श्री प्रियव्रत एच. मफतलाल**
**मैनेजिंग डायरेक्टर- मफतलाल इण्डस्ट्रीज**

मुम्बई/ देश की अग्रणी टेक्सटाइल कम्पनी मफतलाल इंडस्ट्रीज एवं मार्केटिंग पार्टनर Zee Fabrics के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 सितंबर 2025 को कसौली (हिमाचल प्रदेश) में मफतलाल Zee सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कम्पनी के देशभर से सभी डीलर्स और एजेंसी पार्टनर्स ने शिरकत की और इसे सफल बनाया।

इस कॉन्फ्रेंस में मफतलाल इंडस्ट्रीज के **एमडी श्री प्रियव्रत एच. मफतलाल** एवं जी फैब्रिक के मुख्य प्रबंधक **श्री केतुल शाह, श्री विशाल शाह, श्री अंशुल शाह और श्री अंकित शाह** की उपस्थिति में 175 डीलर्स ने शिरकत की। साथ ही कम्पनी प्रबंधन के साथ आंगतुक एजेंट एवं डीलर्स ने आगामी रणनीति और व्यापार संवर्धन पर विचान-विमर्श किया।

मफतलाल सदैव प्रयासरत रहता है कि कॉर्पोरेट, स्कूल, हॉस्पिटल एवं अन्य यूनिफॉर्म क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बेहतरीन उत्पाद मुहैया कराएं। यहीं कारण है कि मफतलाल ब्राण्ड निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस भव्य आयोजन में देशभर की विभिन्न कैटगरीज के तहत डीलर्स एवं एजेंसी पार्टनर्स को टॉप 5 अवॉर्ड से नवाजा गया। कम्पनी द्वारा ऐसा प्रोत्साहन व्यापारियों को नई दिशा और मजबूती प्रदार करता है।













## Awards Ceremony

MAFATLAL ZEE FABRICS















































## ब्राण्डेड लेडीज ड्रेस मटीरियल का प्रमुख होलसेल संस्थान

# राहुल ट्रेडिंग कम्पनी


श्री हरि गुप्ता

**दिल्ली/** स्थानीय मण्डी के प्रतिष्ठित होलसेल प्रतिष्ठानों में शुमार 'राहुल ट्रेडिंग कम्पनी' वर्ष 1981 से ब्राण्डेड लेडीज ड्रेस मटीरियल के व्यवसाय में सक्रिय है। वस्त्र व्यवसायी श्री राम अवतार गुप्ता एवं श्री हरि गुप्ता द्वारा स्थापित यह संस्थान आज कॉटन लेडीज ड्रेस मटीरियल स्पेशलिस्ट के रूप में देशभर में जानी-पहचानी पहचान रखता है। संस्थान द्वारा कॉटन, मोडाल, सिल्क, साटिन, लाइक्रा, पोपलीन जैसे लोकप्रिय फैब्रिक्स में प्लेन, प्रिंटेड, एम्ब्रॉयडरी, जैकार्ड और पर-डाइड डिजाइनों में नवीनतम एवं फैशन-ओरियंटेड कलेक्शन प्रस्तुत किया जा रहा है। श्री हरि गुप्ता ने बताया कि कम्पनी अरविंद -अंकुर, मफतलाल, दी रूबी मिल्स जैसी प्रतिष्ठित मिलों के लेडीज ड्रेस मटीरियल की आपूर्ति करती है और ग्राहकों को समयानुसार लेटेस्ट फैशन में अपडेट रखती है।

### फेस्टिव और विंटर सीजन में बढ़ी ग्राहकी

फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के दौरान 'राहुल ट्रेडिंग कम्पनी' की ग्राहकी उल्लेखनीय रूप से बेहतर रही। अब विंटर कलेक्शन के लिए भी बाजार में उत्साह का माहौल है। संस्थान के अनुसार - इस सीजन में स्पन, पश्मीना, वूल टच एवं अन्य विंटर फैब्रिक कलेक्शन की मांग में निरंतर बढ़ोतरी देखी जा रही है। ग्राहकों द्वारा नए फैशन शेड्स और स्टाइलिश डिजाइनों को विशेष रूप से सराहा जा रहा है।

### गारमेण्ट लाइन एवं ऑल इंडिया सप्लाई नेटवर्क

संस्थान के कामकाज में सक्रिय रूप से जुड़े श्री रोहित गुप्ता (सुपुत्र श्री हरि गुप्ता) एवं श्री राहुल गुप्ता (सुपुत्र श्री राम अवतार गुप्ता) ने बताया कि लेडीज सूट्स, कुर्तीज और रेडीमेड गारमेण्ट्स के लिए कम्पनी पर विस्तृत फैब्रिक रेंज उपलब्ध है। 'राहुल ट्रेडिंग कम्पनी' केवल ट्रेडिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि फैब्रिक उत्पादन कार्य में भी संलग्न है, जिसकी मुख्य सप्लाई गारमेण्ट लाइन में की जाती है। देशभर के रिटेलर्स और गारमेण्ट मेकर्स तक संस्थान का ऑल इंडिया नेटवर्क लगातार सशक्त होता जा रहा है।

### 45 वर्षों की गुणवत्ता और विश्वास की पहचान

लगभग 45 वर्षों की इस यात्रा में 'राहुल ट्रेडिंग कम्पनी' ने अपने-आप को एक क्वालिटी फैब्रिक होलसेलर के रूप में सशक्त रूप से स्थापित किया है। संस्थान का लक्ष्य है, उत्तम गुणवत्ता, वाजिब मूल्य और नवीनतम फैशन का एक साथ समन्वय ग्राहकों तक पहुँचाना। निरंतर फैशन अपडेट, आकर्षक रंग संयोजन और विश्वसनीय सप्लाई सिस्टम के साथ 'राहुल ट्रेडिंग कम्पनी' आज देशभर की लेडीज ड्रेस मटीरियल डीलिंग में भरोसे का पर्याय बन चुकी है।









## मशीनरी रिपेयरिंग में भरोसेमंद नाम

# एस डी इंजीनियर्स



**भीलवाड़ा**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 2015 में श्री डी. एल. शर्मा एवं श्री एस. एल. शर्मा द्वारा स्थापित 'एस डी इंजीनियर्स' आज मशीनरी रिपेयरिंग के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बन चुका है।

कम्पनी द्वारा LT व HT ब्रेकर रिपेयरिंग, टेक्सटाइल मशीनरी मेंटेनेंस, इरेक्शन कार्य, VFD, HMI & IPC रिपेयरिंग तथा सर्किट ब्रेकर मेंटेनेंस जैसी अत्याधुनिक सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। अपने अनुभव और कड़ी मेहनत से शर्मा जी ने कम्पनी को राजस्थान के साथ-साथ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और हरियाणा तक पहचान दिलाई है।






















FESTIVAL OF LIGHTS
happy Diwali
Specialisation in
UNIFORM &
CORPORATES
।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः ।।
BS
Deal with ease, deal with us
HAPPY DIWALI
HAPPY DIWALI
Bhairav Syntex
Textile Agent
112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha, Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com
MAHENDRA JAIN +91 94138 60897 | +91 63785 41066 | HARSH JAIN +91 94611 32695


Eternal Style,
Awesome fashion...
Happy Diwali
VISTASO LIVING
BOLDAIRE
SUNGRACE MAFATLAL®
EXCLUSIVE SUITING, SHIRTING, APPARELS & HOME FURNISHING
MFG & MARKETED BY
RAHUL SYNTEX PVT LTD
SUNGRACE MAFATLAL ARCADE: H-78,1st Floor, Riico 4th Phase,biliya Extn., Pur Road Bhilwara -311001, Ph:-01482-294094
Mob.: 9351370787 | 9314568273| Eail: sungracemafatial@gmail.com | Web: www.sungracemafatlal.com




# फैशन को हमेशा नई परिभाषा देने में अग्रणी यश कॉटन कॉर्पोरेशन

**मुम्बई/** टेक्सटाइल इण्डस्ट्रीज में 'यश कॉटन कॉर्पोरेशन' पाँच दशकों से भी अधिक भारतीय वस्त्र बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। कम्पनी ने हमेशा फैशन की नई परिभाषा लिखते हुए घरेलु मार्केट एवं अंतराष्ट्रीय बाजार में अपने उत्पादों को पहुँचाया है। एक प्रमुख फैशन हाउस के रूप में स्थापित यह कम्पनी आज हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रीमियम गुणवत्ता वाले सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक उपलब्ध कराने में अग्रणी है। आज यहाँ कॉटन कॉर्पोरेशन भारत की सबसे बड़ी डायरेक्ट टू रिटेल कपड़ा कम्पनियों में से एक है, जिसकी देशभर में 3000 से अधिक फैशन रिटेलरों की उपस्थिति है और आज एशिया, अफ्रीका और अनेक देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

कम्पनी के चेयरमैन श्री हरेश मेहता द्वारा संचालित इस कम्पनी में श्री कमलेश मेहता और श्री अंकुर मेहता द्वारा नित नए इनोवेशन के साथ कम्पनी के उत्पादों में निरंतर डवलपमेण्ट पेश कर रहे हैं। कम्पनी के पास पूरी टीम एकजूट होकर कार्य करती है। इसी की बदौलत कम्पनी का आज भारत में अपना मजबूत सेल्स नेटवर्क स्थापित है। जहाँ कम्पनी के अनेक ब्राण्ड बाजार में अपनी क्वालिटी एवं गुणवत्ता के दम पर पहचान बनाए हुए हैं।

**13 अक्टूबर को टेलरिंग के दिग्गजों का महासंगम आयोजित**

- **John Cavendish** – British Brand of Luxury wool & wool-blend fabrics from Italy
- **Spaadaa** – Premium poly-wool fabrics for suits, jackets and trousers
- **Nemssis** – 100% Giza cotton fabrics, including options for Indian ethnic wear
- **Cotton Fusion** – Blended Giza cotton with advanced fibers for durability
- **Yashfab's** – Stylish shirting fabrics in cotton and polyester blends
- **Charkoal & Rajvesh** – Ready to wear Shirts, Kurtas and Bandi Jackets.

**कम्पनी हमेशा टीमवर्क के साथ आगे बढ़ती है, जिसमें 60 से अधिक प्रमुख एजेंटो का एक रिटेल नेटवर्क स्थापित है और अपनी सह कम्पनी के तौर पर एलायंस एक्सपोर्ट्स के माध्यम से वैश्विक निर्यात के साथ यहाँ कॉटन कॉर्पोरेशन फैशन में डवलपमेण्ट करते हुए नई ऊँचाइयों को छू रहा है।**

## टेलरिंग लीजेंड्स महासंगम 2025 : अपनी तरह का एक अनूठा कार्यक्रम

भारत के रिटेल कपड़ा बाजार को सशक्त बनाने की नई पहल में 'यश कॉटन कॉर्पोरेशन' गर्व से 'टेलरिंग लीजेंड्स महासंगम' का आयोजन कर रहा है, जो एक वर्चुअल कार्यक्रम है तथा रिटेल सेक्टर में टेलरिंग के भविष्य को आगे बढ़ाएगा।

**दिनांक : सोमवार, 13 अक्टूबर 2025**
**समय : सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**
**लाइव : YouTube, Instagram, Facebook पर**

आर जे गौरव (रेडियो सिटी) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम टेलरिंग और मेन्स फैशन के तीन दिग्गजों को एक साथ लाता है -

**श्री जीतूभाई मर्चेंट (लालूभाई)** – अध्यक्ष, भारतीय टेलरिंग एसोसिएशन और संस्थापक, ए. सेक्वेरा बेस्पोक अकादमी।

**श्री बिपिनभाई चौहान** – जेड ब्लू ग्रुप, जिसके डिजाइन किए कपड़े आज श्री अमिताभ बच्चन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं अनेक दिग्गजों द्वारा पहने जा रहे हैं।

**श्री विकास राठौड़** – विक्की टेलर ग्रुप के डिजाइनर और टेलरिंग की दुनिया के विशेषज्ञ, जो रिटेल टेलरिंग में दो दशकों से फैशन में डवलपमेण्ट करने के लिए जाने जाते हैं।

यह आयोजन क्यों महत्त्वपूर्ण है : महासंगम चर्चाओं में शामिल होंगे -

- सिलाई रेडीमेड कपड़ों पर बढ़त क्यों प्रदान करती है?
- कस्टमाइजेशन के साथ ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा का सामना करना।
- रिटेल स्टोरों में टेलरिंग विभाग शुरू करना और उनका विस्तार करना।
- फैशन में टेलरिंग को आगे बढ़ाना।
- भारतभर के हजारों कपड़ा और फैशन रिटेल विक्रेताओं के लिए यह एक आयोजन से कहीं बढ़कर है, जो आज की प्रतिस्पर्धा का विकास तैयार करेगा।

TAILORING LEGENDS MAHASANGAM 13.10.2025

'यश कॉटन कॉर्पोरेशन' के चेयरमैन श्री हरेश मेहता कहते है कि 'टेलरिंग अब केवल परंपरा नहीं रह गई है - यह रिटेल फैशन का भविष्य है। 'टेलरिंग लीजेंड्स महासंगम' भारत के रिटेल विक्रेताओं में ऊर्जा एवं ज्ञान का संचार करता है। किसी भी रिटेल विक्रेता को अपने व्यवसाय को बदलने वाली अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का यह अवसर नही छोड़ना चाहिए।'

**विजन और प्रतिबद्धता** – पाँच दशकों से भी अधिक की विशेषज्ञता के साथ 'यश कॉटन कॉर्पोरेशन' डवलपमेण्ट, गुणवत्ता और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। पारंपरिक सिलाई के ज्ञान को भविष्य में फैशन रूझानों के साथ मिलाकर कम्पनी घरेलु और वैश्विक स्तर पर भारत के कपड़ा उद्योग के विकास को आकार दे रही है।

इस अक्टूबर टेलरिंग लीजेंड्स महासंगम के माध्यम से 'यश कॉटन कॉर्पोरेशन' एक विचारक के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है, जो सम्पूर्ण फैशन रिटेल व्यापारियों के लाभ के लिए साथ जोड़ता है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसे भारत का कोई भी कपड़ा या फैशन रिटेलर मिस नहीं कर सकता।

NEMSSIS NOT FOR EVERYONE | NEMSSIS CHARKOAL LUXURY SHIRTS & JEANS | JOHN CAVENDISH Bespoke English Fabrics | Cotton Fusion SUPREME COTTON BLEND FABRICS | THOMAS MASON 1796
SPAADAA SUPERLATIVE ITALIAN WORSTED SUITING | Yashfab's | NEMSSIS RAJVESH CRAFTED FOR ROYALTY | Albini 1876

TAILORING LEGENDS
MAHASANGAM
13.10.2025

# टेलरिंग की दुनिया का महासंगम

फैशन के इस रिटेल बाजार में टेलरिंग के महत्त्व पर प्रकाश डालने के लिए हम लेकर आए है, पहला वर्चुअल कार्यक्रम जिसे हम सभी देखकर अपने व्यापार को आगे बढ़ाए।

**Live on - YouTube Facebook**

**Monday 13th October | 11:30 AM to 1.00 PM**

3 Icons. 1 Stage. Limitless Insights.

SCAN ANY OF THESE QR CODES TO JOIN THE LIVE EVENT



श्री बिपिन भाई चौहान, जेड ब्लू ग्रुप



श्री जितेश भाई मर्चेण्ट, ए. सेक्वेरा ग्रुप



श्री विकास राठौड़, विक्की टेलर ग्रुप

**यश कॉटन कॉर्पोरेशन के चेयरमैन श्री हरेश मेहता** ने हमेशा टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में नवाचार प्रस्तुत किया है और फैशन इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देते हुए टेलरिंग की दुनिया का महासंगम आयोजित कर रहे हैं, जिसमें टेलरिंग की तीन प्रतिष्ठित एवं दिग्गज हस्तियाँ एक साथ उपस्थित होगी।

**श्री जीतूभाई मर्चेंट (लालूभाई)-** भारतीय वस्त्र बाजार में टेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और ए. सेक्वेरा बेस्पोक अकादमी के संस्थापक जो एक प्रतिष्ठित टेलरिंग अकादमी भी चलाते है जहां वे अपने बहुमूल्य अनुभव प्रदान करते हुए इच्छुक टेलर्स को सर्वश्रेष्ठ सिलाई का कौशल सिखाते हैं।

**श्री बिपिनभाई चौहान-** भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में जेड ब्लू ग्रुप अपने-आप में प्रतिष्ठित नाम है। इनके डिजाइंस और स्टाइल काफी प्रचलित है, इनके द्वारा डिजाइन किए गए वस्त्र आज प्रसिद्ध बॉलीवुड सुपर स्टार, प्रसिद्ध राजनेता एवं प्रसिद्ध उद्योगपतियों द्वारा पहने जा रहे हैं।

**श्री विकास राठौड़-** एक युवा एवं एनर्जेटिक डिजाइनर प्रसिद्ध विक्की टेलर ग्रुप के विशेषज्ञ श्री राठौड़ लगभग 20 वर्षों से अपने अनुभव के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने हमेशा अत्याधुनिक फैशन को बढ़ावा देते हुए टेक्सटाइल जगत के सभी प्रतिष्ठित ब्राण्ड के फैशन कैटलॉग में प्रदर्शित सभी आउटकिट्स की डिजाइनिंग एवं स्टाइलिस इन्हीं के द्वारा तैयार की गई है।

इस कार्यक्रम का आयोजन रेडियो सिटी के प्रसिद्ध आर जे गौरव करेंगे, जो हमें टेलरिंग के भविष्य के लिए अपने अनुभव और मार्गदर्शन के माध्यम से इसे आगे लेकर चलेंगे।

## चर्चा के मुख्य अंश

- आज के खुदरा परिदृश्य में टेलरिंग का महत्त्व।
- टेलरिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा से कैसे निपटें।
- खुदरा स्टोरों में टेलरिंग विभाग की शुरूआत और विस्तार।
- रेडीमेड कपड़ों की तुलना में टेलरिंग क्यों एक बढ़त रखती है।
- कैसे फैशन में कस्टमाइज्ड टेलरिंग की वापसी हो रही है।
- रिटेल में टेलरिंग के नवाचार और रूझान पूर्णता की ओर।



यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसे भारत का कोई भी टेलरिंग या फैशन रिटेलर मिस नहीं कर सकता। आपको जो ज्ञान और अंतर्दृष्टि मिलेगी, वह आपको कहीं और नहीं मिलेगी, चाहे आप कितना भी पैसा खर्च करें। तो अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ और 13 अक्टूबर को सुबह 11: 30 बजे हमारे साथ लाइव जुड़ें। टेलरिंग लीजेंड्स महासंगम जहाँ परंपरा और फैशन का भविष्य मिलते हैं।

- हरेश मेहता (चेयरमैन)
यश कॉटन कॉर्पोरेशन

HARRESH & MEHTA'S INITIATIVE

YASHCOTTON CORPORATION

www.yashcotton.com

## सम्पादकीय....

### डिजिटल धोखाधड़ी बन रही गंभीर समस्या

# सख्त कानून के बावजूद आम लोग हो रहे शिकार

तेजी से बदलते दौर में नई तकनीकों के उपयोग को वक्त की जरूरत के तौर पर देखा जा रहा है। इसी क्रम में आम जिंदगी में संवाद से लेकर पढ़ाई-लिखाई और लेनदेन जैसे तमाम मामले अगर डिजिटल तकनीक के दायरे में आ रहे हैं तो यह स्वाभाविक है। इसी के मद्देनजर 'डिजिटल इंडिया' का नारा भी दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इंटरनेट आधारित तकनीक उपयोग के प्रति आकर्षित हो। विडंबना यह है कि जिस तेजी के साथ डिजिटल यंत्रों का उपयोग बढ़ा है, उसी अनुपात में इसमें सुरक्षित गतिविधियों का ढांचा विकसित नही हुआ है।

इससे उपजने वाले जोखिम रोज नए और जटिल स्वरूप में सामने आ रहे हैं। अमूमन हर रोज देश के किसी हिस्से से डिजिटल धोखाधड़ी की खबरें आती हैं और उसमें किसी की मेहनत की कमाई के लाखों रूपए अलग-अलग तरीके से लूट या उड़ा लिए जाते हैं। ऐसे मामले आम हैं, जिनमें सिर्फ किसी को फोन पर की जाने वाली बातचीत में उलझाकर उसे धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। सवाल है कि अगर देश में आधुनिक तकनीकों का विस्तार किया जा रहा है तो क्या इससे बचाव के इंतजामों को भी उतना ही अहम माना जा रहा है।

गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी हमारे लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। हालांकि डिजिटल फर्जीवाड़े के मामलों में कोई अचानक उफान नहीं आया है, बल्कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे यह साफ है कि आधुनिक तकनीक जितनी सुविधाजनक है, उतनी ही यह जोखिम का वाहक भी बन रही है। किसी के मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आता है और वह व्यक्ति बातों के जाल में इस कदर फंस जाता है कि अपने बैंक खाते से खुद ही लाखों रूपए भेज देता है। इसके कुछ ही पल बाद जब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में पता चलता है, तब तक देर हो चुकी होती है।

पिछले कुछ समय से ऐसे मामले आम होते देखे गए हैं, जिसमें अनजान नंबर से आए फोन काल के जरिए किसी व्यक्ति को डरा-धमकाकर 'डिजिटल कैद' की स्थिति में डाल दिया जाता है और फिर भयादोहन करके उसके बैंक खाते में जमा रकम को उड़ा लिया जाता है। अब ऐसी घटनाएं कोई नयी नहीं रह गई हैं, लेकिन इसमें तेजी से होते इजाफे ने यह सवाल पैदा किया है कि जिन डिजिटल संसाधनों का विकास सुविधाजनक और सुरक्षित लेनदेन और अन्य गतिविधियों के लिए किया गया, आज उसी से उपजे खतरे से निपटने के तौर-तरीके सामान्य क्यों नहीं हो पा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि आर्थिक भ्रष्टाचार से लेकर अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने या उन्हें खत्म करने के दावे के साथ डिजिटल दुनिया का विस्तार किया गया, वहीं कुछ जगहों पर व्यवहार में इसे अनिवार्य बना दिया गया, लेकिन आज हालत यह है कि सख्त कानूनों के बावजूद फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह साइबर संजाल में रोज नए तरीके अपनाकर आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हालांकि एक समस्या डिजिटल यंत्रों के उपयोग में लापरवाही से लेकर प्रशिक्षण की सीमा की भी है, लेकिन इससे साइबर सुरक्षा का सवाल बेमानी नहीं हो जाता। अतः निश्चित रूप से 'डिजिटल इंडिया' एक आकर्षक नारा है, लेकिन अगर इसमें जोखिम का पैमाना इतना ही ऊँचा रहता है, तो इसकी कामयाबी संदिग्ध ही रहेगी।

### कुछ नया, कुछ अलग •

# जिंदगी की सबसे बड़ी सच्चाई है इसकी अनिश्चितता



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**नमस्ते मित्रों,**
आप सभी को 12 जून को हुई वह दर्दनाक दुर्घटना अवश्य याद होगी। उस दिन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर सब कुछ सामान्य था। एयर इंडिया की फ्लाइट-ढ्ढ-171 लंदन के लिए रवाना होने को तैयार थी। सभी यात्री सीट बेल्ट बाँधकर अपनी-अपनी सीटों पर बैठ चुके थे। कोई अपने परिवार से मिलने जा रहा था, तो कोई व्यापार के सिलसिले में जा रहा था। रोजमर्रा की थकान से राहत पाने के लिए कुछ लोग वेकेशन मनाने लंदन जा रहे थे। वहीं कुछ यात्री ऐसे भी थे, जो एक नई जिंदगी की शुरूआत करने निकले थे, लेकिन किसी को भनक तक नहीं थी कि कुछ ही क्षणों में उनके साथ क्या होने वाला है।

दोस्तों, आप अनिश्चितताओं का खेल देखिए कि टेक ऑफ के महज कुछ क्षणों के भीतर ही इंजन बंद हो जाने के कारण पायलट ने विमान पर से नियंत्रण खो दिया। विमान तेजी से ऊँचाई खोने लगा और शहर के एक रिहायशी इलाके में जा गिरा। बचाव दल तुरंत मौके पर पहुँच गए, लेकिन दृश्य इतना भयावह था कि कुछ मिनटों तक कोई भी कुछ बोल नहीं सका। इस दर्दनाक हादसे में विमान में सवार कुल 242 लोगों में से 241 यात्रियों की मौत हो गई। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में चमत्कारिक रूप से बच निकला। इसके अलावा जमीन पर मौजूद 19 लोगों की भी जान चली गई। अतः यहीं तो है जीवन की सबसे बड़ी वास्तविकता, इसकी अनिश्चितता। कौन जानता है कि अगले ही पल क्या हो सकता है? कभी-कभी एक ही पल में सब कुछ बदल जाता है। बड़ी से बड़ी घटना या दुर्घटना अचानक घट सकती है। जीवन के सारे सुख या दुःख कभी भी अप्रत्याशित रूप से पलट सकते हैं। कई बार एक ही पल में रिश्ते टूट सकते हैं या बन सकते हैं। जीवनभर की कमाई मिनटों में खो सकती है। स्वास्थ्य कभी भी अचानक खराब हो सकता है। सांसें भी किसी भी वक्त थम सकती हैं। संक्षिप्त में कहें तो जीवन अनगिनत अनिश्चितताओं से भरा पड़ा है।

इन अनगिनत अनिश्चितताओं के बावजूद आश्चर्य की बात तो यह है कि हम कितनी निश्चितता से अपनी जिंदगी बिताते हैं। हम ऐसे जीते हैं जैसे यह सफर कभी खत्म ही नहीं होगा और मौत को इस तरह से लेते हैं कि मानों इसे कभी हमारे दरवाजे पर दस्तक देने आना ही नही है। हम अपने धन, दौलत, पद, प्रतिष्ठा, रूप, सौंदर्य का इतना अभिमान करते हैं जैसे यह हमेशा हमारे साथ ही रहने वाले हो और हम अक्सर लोगों से ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे हम अमर हैं, लेकिन सच तो यह है कि मौत भी जिंदगी का एक अनिवार्य हिस्सा है और यहीं अनिश्चितता हमें सचेत भी करती है।

हम अक्सर फ्लाइट से सुरक्षित उतरने के बाद सबसे पहला मैसेज अपने घर वालों को भेजते हैं कि हम सुरक्षित पहुँच गए हैं। ऐसा हमें इसलिए करना पड़ता है, क्योंकि घर से निकलते ही हम अनिश्चितता को अपने साथ लेकर चलते हैं। सुरक्षित पहुँचकर एक छोटा-सा मैसेज भेजना जरूरी हो जाता है, क्योंकि हमारे प्रियजनों के मन में यह डर बना रहता है कि हम मंजिल तक सकुशल पहुँचे या नहीं। यह मैसेज हमें बार-बार यह एहसास दिलाता है कि जीवन में किसी भी चीज की गारंटी नहीं होती, क्योंकि जीवन के हर मोड पर अनिश्चितता है।

अगर जीवन इतनी अनिश्चितताओं से भरा है, तो क्या हम हमेशा डरकर जीएं? नहीं, इसका अर्थ यह नहीं कि हम घबराकर बैठ जाएँ, बल्कि इसका मतलब है कि हमें उन लोगों को समय देना चाहिए जिन्हें हम चाहते हैं। हमें किसी भी चीज को कल पर टालने की आदत को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि हो सकता है वह 'कल' कभी आए ही नहीं। जो कहना है, वह आज कहिए। जिसे गले लगाना है, उसे आज लगाइए, क्योंकि जब जीवन की कोई गारंटी नही है, तब हर एक 'आज' कीमती है और शायद यहीं हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

बशीर बद्र के एक शेर के साथ आज की बात को यहीं समाप्त करना चाहता हूँ। फिर मिलेंगे एक नए विषय के साथ, तब तक अपना और अपनों का ख्याल रखिए।

'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो
न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए।'

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# फैंसी सूटिंग एवं यूनिफॉर्म में डवलपमेण्ट देवी लाल सूटिंग



**भीलवाड़ा**

फैंसी सूटिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक में नित नए डवलपमेण्ट करते हुए 'देवी लाल सूटिंग' ने आज भारत की तमाम मण्डियों में अपनी पहचान कायम कर ली है। फर्म द्वारा हर सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म देने में अग्रसर है। फर्म द्वारा हर वर्ष यूनिफॉर्म फैब्रिक में डवलपमेण्ट करते हुए पीवी, पीसी, पॉलिएस्टर, ट्रॉविन, ताशा, मेटी, टसर, ट्विल, फोर कॉस्ट, चैक्स की क्वालिटियों में निरन्तर नया डवलपमेण्ट पेश किए हैं। इन सभी क्वालिटियों में किड्स वियर, बॉय स्टाइल, स्कूल बॉय, संस्कार, ऑफिसर, रिचलुक, डर्बी आदि नाम के साथ मार्केट में बिक रही है। साथ ही कम्पनी द्वारा एपीसी कटिंग पर भी कपड़ा उत्पादित कर सप्लाई किया जा रहा है। फर्म के मालिक श्री अशोक मण्डोवरा ने बताया कि हमारे द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म के साथ-साथ फैंसी एवं गारमेण्ट फैब्रिक में भी बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। जिसमें पीवी, पीसी, चैक्स, कॉटन, लिनन, लाइक्रा आदि प्रमुख है, जो गारमेण्टरों को बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जा रहा है। श्री मण्डोवरा ने बताया कि हम हमेशा क्वालिटी व उत्पाद देने में विश्वास करते हैं तथा ग्राहकों को समय पर फैब्रिक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य करते हैं। उसकी बदौलत आज भारत की तमाम मण्डियों में हमारा सेल्स नेटवर्क फैला हुआ है।




# श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित



**भीलवाड़ा**



श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान (रजि.) एवं अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 7 अक्टूबर 2025 को निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक वस्त्र भवन, सिंथेटिक वीविंग मिल्स एसोसिएशन, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, पुर रोड़, भीलवाड़ा में सम्पन्न हुआ। शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कुसुम चौधरी (गोल्ड मेडलिस्ट) एवं अरिहंत हॉस्पिटल टीम द्वारा नेत्र जाँच एवं परामर्श दिया गया। इसमें 311 लोगों का चिकित्सा परामर्श किया गया, उसमें 66 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया एवं 90 लोगों को चश्मा वितरण किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री बाबूलाल सूरिया (संरक्षक), श्री पंकज लालानी (अध्यक्ष), श्री मनीष बडोला (मंत्री) श्री अतुल बाफना (उपाध्यक्ष) श्री मुकुल सूर्या (कोषाध्यक्ष) सहित सिंथेटिक वीविंग मिल्स के पदाधिकारी श्री संजय पेड़ीवाल, श्री हिमांशु गर्ग और श्री वरुण वर्मा एवं मण्डल के पूर्व पदाधिकारी व सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। शिविर के संयोजक श्री पुखराज चौधरी, श्री दीपक बोथरा, श्री दिलीप जैन, श्री अनुराग बाबेल एवं मंडल के सभी सदस्यों ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सक्रिय भूमिका निभाई। उनके लिए सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद व साधुवाद ।।

**'प्लास्टिक हटाओ -पर्यावरण बचाओ अभियान'** के तहत संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु 400 कपड़े के थेलों का वितरण किया गया।

# मण्डोर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में GST बचत उत्सव : सारगर्भित और सफल आयोजन



**जोधपुर**

मण्डोर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भवन, 9 मिल मण्डोर में शनिवार शाम GST बचत उत्सव का भव्य और सारगर्भित आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया और GST में हाल ही में हुए परिवर्तनों तथा नई दरों के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक साफा एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर GST अधिकारी श्री विनोद मेहता (DC), श्री विशाल दवे (DC) और श्री नरेंद्र सिंह सांदु (JC) ने नवीन GST प्रावधानों, GST दरों में हाल ही में हुई कटौती और उनके उद्यमियों व आम जनता पर पड़ने वाले लाभकारी प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। साथ ही अन्य उपस्थित अधिकारी - श्री हीराराम चौधरी (AC), श्रीमती दुर्गा जी सिरोही (AC) और श्री रमेश गौड़ (JCTO) ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर इसे और गरिमामय बनाया।

अध्यक्ष श्री रामकिशोर भट्टड़ और सचिव श्री हरेंद्र सिंह घड़ाव ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और उपस्थित उद्यमियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-श्री महेश गहलोत, उपाध्यक्ष-श्री प्रहलाद बजाज, सह सचिव-श्री मुकेश कमार सोनी श्री धनराज चौहान, श्री पुखराज चांडक, श्री रामावतार मालपानी, श्री सुरेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष श्री दिलीप सिंह गहलोत, श्री सुरेश गहलोत उपस्थित हुए। उद्यमियों ने इसे ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक और उपयोगी पहल बताया और भविष्य में ऐसे आयोजन नियमित रूप से आयोजित होने की उम्मीद जताई।



# मिलावटी विस्कोस के चलते पावरलूमधारकों की समस्या बढ़ी

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

पावरलूमधारकों के सामने दिनों-दिन समस्या बढ़ती ही जा रही है। बिजली दर बढ़ने के बाद सूत में मिलावट का प्रकार भी बढ़ा है। विशेषतौर पर सीधे पावरलूमधारकों को बड़ी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विस्कोस यानी मानव निर्मित धागा नैसर्गिक सूती धागे में मिलाकर बिक्री किए जाने के चलते उसका असर कपड़े की गुणवत्ता पर हो रहा है। व्यापारी भी इसकी जिम्मेदारी नही उठाने से पावरलूमधारकों के समस्या बढ़ती ही जा रही है।

इचलकरंजी में पावरलूम पर हर दिन लगभग सवा दो करोड़ से ज्यादा लाख मीटर कपड़ा उत्पादन होता है। पावरलूम उद्योग के लिए शहर में 200 से ज्यादा ट्रक दाखिल होते हैं, इसमें से ज्यादातर सूत अत्याधुनिक पावरलूम के लिए और 30 फीसदी सीधे पावरलूम के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पहले दक्षिण भारत से उच्च दर्जा का सूत इचलकरंजी में आता था। अब दक्षिण के साथ उत्तर भारत से बड़े पैमाने पर सूत आता है, लेकिन उत्तर भारत के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले सूत में मिलावट के चलते पावरलूमधारकों की समस्या बढ़ रही है। कपड़ा प्रक्रिया को भेजने के बाद उसमें मिलावट सामने आती है। मिलावटी सूत का कपड़ा निकृष्ट होता है। कई बार गुणवत्ता में फर्क होने के चलते ग्राहक भी कपड़ा लेने को इन्कार करते हैं। सूत के बारे में व्यापारी जिम्मेदारी नहीं लेते हैं और उसकी जिम्मेदारी पावरलूमधारकों पर लगाई जाती है, जिससे कई बार पावरलूमधारकों को समस्या का सामना करना पड़ता है। इस स्पर्धा के चलते बाजार में रहने के लिए और ज्यादा मुनाफा लेकर विस्कोस यानी मानव निर्मित धागे का इस्तेमाल होता है। यह नैसर्गिक धागे से वह सस्ता है, जिसके चलते सूत में मिलावटी करने की कोशिश लगभग 50 फीसदी बढ़ी है।

# मिलों की कम मांग और रिकॉर्ड आयात से रूई के भाव कमजोर

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

हाजिर में स्पिनिंग मिलों की कम मांग और रिकॉर्ड आयात के कारण रूई के भाव कमजोर रहने की धारणा है। सीसीआई की पुरानी रूई में बिकवाली बढ़ी है। कपास की नई आवक शुरू होने से मुख्य उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात में कपास बुवाई क्षेत्रफल घटने तथा कुछ राज्यों में भारी बारिश के कारण कपास को क्षति होने की आशंका के बावजूद अक्टूबर से नई सीजन में देश से रूई का उत्पादन पिछले वर्ष से अधिक हो सकता है। कपास की नई आवक जो मौजूदा समय में दस से 12 हजार के बीच है वो दशहरा के बाद 25 से 30 हजार गांठ के बीच हो सकती है। दक्षिण भारत में कपास की स्थिति बहुत अच्छी बताई जा रही है, जिससे कपास की गुणवत्ता सुधर सकती है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रमुख श्री अतुल गणात्रा के अनुसार इस वर्ष कपास की स्थिति अच्छी है। उत्तर भारत में कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन 10 राज्यों के व्यापार संगठनों ने हाल ही अनुमान के आधार पर वर्ष 2025-26 की सीजन में भारत में कुल रूई का उत्पादन 325 लाख गांठ हो सकता है, जो चालू सीजन में 312 लाख गांठ था। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में पैदावार लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर 30 लाख गांठ और आंध्रप्रदेश में 17 लाख गांठ होने की धारणा है। दक्षिण भारत में वर्ष 2025-26 की सीजन में 105 लाख गांठ रूई का उत्पादन होने का अनुमान है, जो अन्य राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में उत्पादन में आ रही गिरावट को पूरा करने में मदद करेगा। उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उत्तर भारत, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में एमएसपी से कम कीमत पर बिक्री हो रही है। नई सीजन के दौरान कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने बड़े पैमाने पर बाजार में हस्तक्षेप करने की तैयारी की है और अक्टूबर से एमएसपी पर खरीदी करने के लिए 550 से अधिक खरीदी केंद्र खोले है। इतना ही नहीं किसान ऐप जैसी डिजिटल सुविधा शुरू की है, जो किसानों को पंजीयन और बिक्री ट्रेडिंग की सुविधा देता है। इसके बावजूद मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025-26 में बड़ी संख्या में किसान खरीद केंद्रो पर अपना माल बेचने के लिए जाने को तैयार है, कारण कि खुले बाजार में रूई का भाव एमएसपी की तुलना में कम है।

वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के साथ आपूर्ति अधिक और मांग होने से रूई सस्ती है। ब्राजील में उत्पादन बढ़ रहा है और यह मुख्य निर्यातक बाजार बन गया है। चीन में उत्पादन बढ़ने की संभावना है। इसलिए रूई के वैश्विक बाजार में सप्लाई अधिक होने से भाव पर दबाव बना रहेगा। देश से रूई निर्यात अधिक होने की संभावना कम है। यदि सब कुछ ठीक रहता है और कपास की फसल को किसी तरह से नुकसान नही होता है, तो कुल उत्पादन बढ़ना संभव है। किसानों को उनकी उपज का उचित भाव सुनिश्चित हो, जिससे किसी तरह की हड़बड़ी में कपास की बिक्री नहीं करनी पड़े। अतः इन बातों को ध्यान में रखते हुए सीसीआई बड़े पैमाने पर बाजार हस्तक्षेप को तैयार है।

पृष्ठ 1 का शेषांश

## सीसीआई ने वर्ष 2024-25 सीजन...

आईसीएसी ने वर्ष 2025-26 के दौरान विश्व बाजार में कॉटन के भाव 63 सेंट से 97 सेंट के प्रति पौंड की बीच और औसत भाव 77.6 सेंट रहने के अनुमान लगाए हैं।

**घटता क्षेत्रफल** – इसी बीच देश में कॉटन के क्षेत्रफल में तीन वर्ष से लगातार कमी आ रही है। वर्ष 2023-24 के दौरान देश में कॉटन की बुआई 123.71 लाख हेक्टेयर पर की गई थी, जो वर्ष 2024-25 में घटकर 112.76 लाख हेक्टेयर और अब 2025-26 में गिरकर 109.90 लाख हेक्टेयर रह गई है। देश में कॉटन का तीन वर्ष का औसत क्षेत्रफल लगभग 129 लाख हेक्टेयर है। जानकारों का कहना है कि मक्का, मूंगफली आदि से किसानों को कॉटन की तुलना में अधिक लाभ हो रहा है।










# अमेरिकी टैरिफ का असर : बांग्लादेश से भी गिरा गारमेण्ट निर्यात

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद बांग्लादेश से भी गारमेण्ट निर्यात में सितम्बर के दौरान लगातार दूसरे माह गिरावट आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सितम्बर में बांग्लादेश से कुल गारमेण्ट निर्यात गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में 5.66 प्रतिशत घटकर 2.83 बिलियन डॉलर रह गया और बांग्लादेश का निट वियर निर्यात 5.75 प्रतिशत गिरकर 1.62 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि वूवन गारमेण्ट का निर्यात 5.54 प्रतिशत घटकर 1.20 बिलियन डॉलर रह गया।

बांग्लादेश के निर्यातकों का कहना है कि उन्हें आशा थी कि अन्य देशों की तुलना में टैरिफ की दर कम होने से वहाँ से अमेरिका को अधिक निर्यात होगा, लेकिन हुआ उसके विपरीत। उनका कहना है कि अमेरिका से ऑर्डर कम प्राप्त हुए हैं। बांग्लादेश गारमेण्ट मैन्युफेक्चरर्स एण्ड एक्सपोर्ट्र्स एसोसिएशन के सीनियर वाईस प्रेसीडेंट श्री इनामुल हक खान बबलू के अनुसार टैरिफ की ऊँची दरों के कारण आयात मंहगा होने से अमेरिका में उपभोक्ता मांग घट रही है, इससे वहाँ के आयातक नए ऑर्डर नहीं दे रहे हैं। कुछ व्यापारियों का कहना है कि अगस्त-सितम्बर और अक्टूबर के दौरान अमेरिका से ऑर्डर हमेशा कम ही मिलते हैं, लेकिन उन्हें इतनी गिरावट की आशा नही थी। अमेरिका के अतिरिक्त अन्य किसी से गारमेण्ट ऑर्डर के आयात पर कोई असर नही पड़ा है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के कुल निर्यात में गारमेण्ट सेक्टर का लगभग 84 प्रतिशत योगदान है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका ने बांग्लादेश से आयात पर कुल 36.5 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, इससे अमेरिकी आयातकों की लागत में वृद्धि हो गई है। सितम्बर में गिरावट के बावजूद जुलाई-सितम्बर तिमाही में बांग्लादेश से गारमेण्ट का निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.79 प्रतिशत बढ़कर 9.97 बिलियन डॉलर हो गया, जो गत वर्ष इसी अवधि में निर्यात 9.51 बिलियन डॉलर का हुआ था।

**पाकिस्तान से भी गिरा-** जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान से टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात में कमी आई है। सितम्बर के दौरान पाकिस्तान से टेक्सटाइल का निर्यात 11.71 प्रतिशत गिरकर 2.51 बिलियन डॉलर का रह गया। जुलाई से सितम्बर तिमाही में पाकिस्तान से टेक्सटाइल निर्यात 3.83 प्रतिशत घटकर 7.61 बिलियन डॉलर रह गया। पाकिस्तान के कुल निर्यात में टेक्सटाइल का योगदान लगभग 60 प्रतिशत है।



















# टेक्सटाइल सेक्टर : सरकार ने पीएलआई रजिस्ट्रेशन की अवधि 31 दिसम्बर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

देश में टेक्सटाइल उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने के सरकार ने टेक्सटाइल सेक्टर के लिए लागू पीएलआई (प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) स्कीम में आवेदन करने की तिथि को बढ़ाकर 31 दिसम्बर तक कर दिया है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने उद्योग जगत के हितधारकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए, वस्त्र उद्योग के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति के अनुसार सरकार उद्योग जगत की बढ़ती रूचि को प्रोत्साहित करने के लिए संभावित निवेशकों को इस योजना का लाभ उठाने का एक और अवसर प्रदान कर रही है।

सरकार का कहना है कि अगस्त 2025 से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया में मानव निर्मित रेशे (एमएमएफ) परिधान (गारमेण्ट), एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्र निर्माण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के बाद समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। सरकार के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाना पीएलआई योजना के तहत निवेश के लिए उद्योगों की रूचि और घरेलु वस्त्र निर्माण क्षेत्र में बढ़ती मांग और विश्वास को दर्शाता है। देश में टेक्सटाइल उद्योग के लिए पीएलआई स्कीम सितम्बर 2021 में लागू की गई थी। सरकार ने इसके लिए 10,683 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया था। इस स्कीम का उद्देश्य देश में एमएमएफ गारमेण्ट, एमएमएफ फैब्रिक और टेक्नीकल टेक्सटाइल उद्योग के उत्पादन में वृद्धि और आकार को बढ़ाना तथा विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धक बनाना है। इस स्कीम के भाग एक में इस सेक्टर के बड़े उद्योगों को शमिल किया गया है जिनका कम से कम निवेश 300 करोड़ और कारोबार 600 करोड़ रूपए है।

स्कीम के दूसरे भाग में उन एमएसएमई कम्पनियों को शामिल किया गया है, जिनका कम से कम निवेश 100 रूपए और कारोबार 200 करोड़ रूपए है। सरकार की इस स्कीम का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और प्राप्त जानकारी के अनुसार 74 कम्पनियों ने कुल 28,711 करोड़ रूपए के निवेश के प्रस्तावों को सरकार अपनी स्वीकृति दे चुकी है। अभी तक उद्यमियों ने इस स्कीम में 4,648 करोड़ रूपए का निवेश किया है।

**पीएलआई 2.0 का इंतजार** - इसी बीच टेक्सटाइल मंत्री श्री गिरीराज सिंह ने एक ट्वीट में कहा है कि सरकार पीएलआई स्कीम का विस्तार करने की जा रही है। उन्होंने कहा है कि नए सुधारों के साथ कपड़ा मंत्रालय पीएलआई स्कीम को और लचीला तथा उद्योग के लिए दोस्ताना बना रहा है। इससे एमएमएफ और टेक्नीकल टेक्सटाइल्स सेक्टर के विकास और उसके अगले स्तर पर पहुँचने में सहायता मिलेगी और पीएलआई स्कीम में एमएमएफ गारमेण्ट के 8 नए एचएसएन कोड और एमएमएफ फैब्रिक के 9 नए एचएसएन कोड शामिल किए जाएंगे। यूनिट वर्तमान कम्पनी के अंदर ही स्थापित हो सकती है और निवेश मानदंड भाग एक-ए के लिए 150 करोड़ रूपए और भाग दो-ए के लिए 50 करोड़ रूपए होगा। साथ ही इंस्टेंटिव के लिए टर्नओवर में वृद्धि की दर को 10 प्रतिशत रखा जाएगा। उद्योग जगत ने कपड़ा मंत्रालय के पीएलआई 2.0 के विषय में किए गए ट्वीट का स्वागत किया। कांफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्स्टाइल इंडस्ट्री के चेयरमैन श्री अश्विन चंद्रन का कहना है कि पीएलआई में निवेश की सीमा में कमी करना और इंसेंटिव के लिए टर्नओवर की संरचना में परिवर्तन करने से भारतीय टेक्स्टाइल और गारमेण्ट सेक्टर में विकास को गति मिलेगी। जानकारों का कहना है कि नई पीएलआई की अधिसूचना जल्दी ही जारी किए जाने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं के आयात पर भारी टैरिफ लगाने के बाद परेशानी से जूझ रहे देश के टेक्सटाइल और गारमेण्ट उद्योग को पीएलआई 2.0 से काफी राहत मिलेगी और उत्पादन लागत कम करने में सहायता मिलेगी।







स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।

शुभ दीपावली शुभ दीपावली शुभ दीपावली शुभ दीपावली




शुभ दीपावली शुभ दीपावली शुभ दीपावली शुभ दीपावली

PREGIO™

ELYSIAN

Robdar
Ethnic Wear Collection
BY ELYSIAN

JAINCO SINCE 1965 GROUP OF INDUSTRIES

**JAINCO SILK MILLS-MUMBAI (A Unit of Jainco Fabrics Pvt. Ltd.)**

Connect with us on


Linen Grazia
LUXURY EUROPEAN FABRIC
Where
Tradition
Meets Trend
LINEN CLOTH
THAT DEFINES EVERY
CURVE OF TRADITION.
FOR INQUIRIES :
linengrazia@jindaltextiles.com
JINDAL WORLDWIDE LTD
207, Saijpur Gopalpur, Opp. Lane of Piplaj, Narol Octroi
Naka, N.H. 8, Ahmedabad - 382 445, Gujarat, India.


SUGAM®
PREMIUM SUITINGS
COLLEZIONI ITALIA
PREMIUM SUITINGS
Happy
Diwali
SUBH LAXMI SYNTEX LTD
Registered Office- 49 Shastri Nagar (Main) Bhilwara-311001
Works- Pragati Path (Chittore Road) 8th KM Stone, Bhilwara (Rajasthan)
Tel.: 9829046784 | Email: info@subhlaxmiindia.com | web: www.subhlaxmiindia.com


SINCE 1963
GINI FABRICS
'STITCHED DIFFERENTLY'
CELEBRATE DIWALI IN
EVERY HUE OF ELEGANCE
CHOOSE FROM OUR EXCLUSIVE SHIRTING, SUITING & GIFTING FABRICS
+ 912240750601
sales@ginitex.com (Domestic)
umesh@ginitex.com (International)
FOR TRADE ENQUIRIES
Jitender Bachhawat - 9930031999
/ginifabricsofficial/
/ginifabricsofficial
/company/ginifabrics/


शुभ दीपावली
Subhlene
SUITINGS & SHIRTINGS
VIRASAT™
TIMELESS ETHNIC FABRICS
SUBHLENE SYNTHETICS (INDIA) PVT. LTD.
Jaihind Estate Building No. 1-A, 1st Floor,
Block No. 8, Dr. Atmaram Merchant Road,
Bhuleshwar, Mumbai - 400002, Maharashtra, India.
+91 22-22079371
info@subhlene.com
FOR TRADE/CORPORATE ENQUIRIES | Bhanwarlal Singhi +91 93222 44360, Rahul Singhi +91 98334 42666.

# फैशन और क्वालिटी का परफेक्ट ब्लेण्ड

## मेन्स फैशन फैब्रिक्स में क्वालिटी, इनोवेशन और स्टाइल का संगम

afw™ Make you Perfect

Luthai THE WORLD'S NO.1 FABRICS

valory be bold be confident

अहमदाबाद/ भारतीय वस्त्र उद्योग में पिछले 27 वर्षों से अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड आज मेन्स फैशन फैब्रिक्स की दुनिया में स्टाइल, क्वालिटी और इनोवेशन का पर्याय बन चुकी है। फैशन के हर बदलते दौर के अनुरूप यह कम्पनी टेरीवूल, कॉटन शर्टिंग्स, प्रीमियम टीआर, फैंसी सूटिंग्स और एथनिक फैब्रिक्स की वाइडेस्ट एवं मॉडर्न रेंज लेकर बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। अंतरराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड लगातार नये डवलपमेण्ट और इनोवेशन पर फोकस करती है। मेन्स वियर सेगमेण्ट में इसका लोकप्रिय ब्राण्ड AFW फाइन टेरीवूल और प्रीमियम टीआर सूटिंग्स के साथ-साथ एथनिक फैब्रिक्स के लिए जाना जाता है। वहीं इसके सब-ब्राण्ड Valory के अंतर्गत कम्पनी लग्जरी गीजा कॉटन शर्टिंग्स का उत्पादन करती है, जिनकी सॉफ्ट टच, फाइन टेक्सचर और इंटरनेशनल फिनिश ग्राहकों को खूब पसंद आती है। कम्पनी के पास मेन्स फैशन के हर स्टाइल के लिए हजारों डिजाइनों और सैंकड़ों कलर्स में फैब्रिक्स की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है। अश्वमेघ ग्रुप की ही यूनिट अश्वमेघ प्राइम फैशन द्वारा सुप्रसिद्ध प्रीमियम सुपीमा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड Luthai का काम भी किया जाता है, जिसके लिए फर्म को कई वर्षों से 'टॉप सेल अवॉर्ड' से नवाजा जा रहा है।

### एथनिक फैब्रिक्स में नया धमाका वेडिंग सीजन के लिए खास तैयारी

आगामी वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड ने एथनिक फैब्रिक्स में शानदार नई रेंज प्रस्तुत की है। कम्पनी ने शेरवानी, जोधपुरी सूट, वेस्ट कोट, इंडो-वेस्टर्न, कुर्ता-पायजामा और जैकेट्स के लिए हजारों नए पैटर्न और डिजाइंस लॉञ्च किए हैं। इसके साथ ही इम्पोर्टेड टीआर सूटिंग्स में असाधारण क्वालिटीज और नए फैब्रिक कैटलॉग जारी किए गए हैं, जिनमें मेन्स सूट से लेकर पार्टी एवं वेडिंग आउटफिट्स तक का पूरा स्टाइलिश कलेक्शन उपलब्ध है।

### वर्ल्ड क्लास मेन्स फैशन फैब्रिक्स की नई पहचान

AFW ब्राण्ड का हर फैब्रिक मेन्स फैशन की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाता है। चाहे सूट हो, फॉर्मल या कैजुअल वियर, वेडिंग कलेक्शन या पार्टी वियर - AFW की रेंज हर मौके के लिए परफेक्ट है। कम्पनी द्वारा तैयार की जाने वाली सूटिंग्स में 200 से अधिक क्वालिटीज और 10 से 130 कलर चार्ट तक का विविध संग्रह मौजूद है। इसके अतिरिक्त 60 से अधिक क्वालिटीज में 1000+ डिजाइनों का स्थायी स्टॉक मेण्टेन रखा जाता है, जिससे डीलर्स और रिटेलर्स को 'नेवर आउट ऑफ स्टॉक' सर्विस का भरोसा मिलता है। इम्पोर्टेड टीआर एवं पोलीवूल सूटिंग्स में कम्पनी की डिटेलिंग और परफेक्शन इसे फैशन जगत में एक नया डेस्टिनेशन बनाती है। वहीं Valory ब्राण्ड की कॉटन शर्टिंग्स अपने मॉडर्न पैटर्न्स-प्रिंट्स, प्लेन्स, चैक्स और स्ट्राइप्स की वजह से बाजार में निरंतर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं।

### राष्ट्रव्यापी नेटवर्क

कम्पनी आज 1100 से अधिक रिटेलर्स और 50+ डीलर नेटवर्क के माध्यम से भारतभर में अपनी बेहतरीन रेंज उपलब्ध करा रही है। अपनी निरंतर गुणवत्ता, इनोवेशन और ट्रस्ट के कारण अश्वमेघ फैशन वर्ल्ड आज मेन्स फैशन फैब्रिक्स का एक 'विश्वसनीय और प्रेरणादायक ब्राण्ड' बन चुका है।




ASHWAMEGH FASHION WORLD
Sumel Business Park-9, C-Block, 5th Floor, Dudheshwar BRTS Road, Shahibaug, Ahmedabad-380004
079-48481293 +91 89050 27093 bsshah71@gmail.com http://ashwameghfashion.com
ASHWAMEGH_FASHION_WORLD


ÀBSOLŪTO™
FINER SIDE OF FASHION
Happy Diwali
May your home be filled with happiness and your wardrobe with elegance.
Check out our latest collection
ÀBSOLŪTO ELITE
ÀLACARTE
Trade Enquiries: +91 98299 66363 | Visit us at: www.worldofabsoluto.com | Follow us on: Absoluto Finer Side Of Fashion absolutoofficial


B-Posh®
wishes you happy diwali
Happy
Diwali
As the night sparkles with the glow of countless diyas and the air fills with joy and laughter, may this Diwali mark a new chapter of happiness and growth in your life. Celebrate the moments, embrace the memories, and share the light with those who need it most. Here's to a Diwali filled with golden opportunities, peaceful hearts, and endless reasons to smile.
AMIT TEXTILES - INDORE 7477226345

Raymond
FINE FABRICS
SINCE 1925




This Diwali, elevate your look with Raymond's exclusive Prints Collection. Crafted from premium cotton and blends, our fabrics feature unique patterns for a refined, festive look. Enjoy custom tailoring for the perfect fit, making every moment memorable.

CELEBRATE WITH RAYMOND – WHERE TRADITION MEETS STYLE.

**Available at The Raymond Shop & Leading Multi-brand outlets.**

# A **NEW** CONCEPT.
# NOW AT **THE NEW CLOTH MARKET.**

FABEXA®
TNC
THE NEW CLOTH
17 - 22
MON - SAT
NOV. 2025

ORGANISED BY
NEW CLOTH MARKET SINCE 1959
Maskati Cloth Market Mahajan • Ahmedabad •
Since - 1906





SUITING
SHIRTING
DENIM
DRESS MATERIALS
GREY
HOSIERY
BED SHEETS

## OUR VALUED PARTICIPANTS

| COMPANY NAME | CATEGORY | SHOP NO. |
|---|---|---|
| MAHASHAKTI FABRICS INDIA PVT. LTD. | WEAVING PATTA | 3 |
| R ROHITKUMAR TEXTILES | SHIRTING | 6 |
| CHINTAMANI TEXTILES (L B GROUP) | SUITING | 16 |
| ARVINDKUMAR TAKSHILKUMAR | SHIRTING | 19 |
| HIRWA FASHION | DRESS MATERIAL | 26 |
| SAI KRUPA FABRICS PVT. LTD. | SHIRTING/SUITING /DRESS MATERIAL | 28 |
| VISHAL TEXTILE MILLS | SHIRTING | 31 |
| KENCOT TRENDZ | SHIRTING | 37 |
| ASOPALAV MILLS | DRESS MATERIAL | 38 |
| ANSHIMA MILLS INDUSTRIES PVT. LTD. | DRESS MATERIAL | 52 |
| SEKHANI FABRICS MILLS PVT. LTD. | SUITING | 53 |
| J MAONJKUMAR | SHIRTING | 59 |
| SEKHANI FABRICS MILLS PVT. LTD. | SHIRTING | 62 |
| SEKHANI FABRICS MILLS PVT. LTD. | DRESS MATERIAL | 63 |
| PANAM TEXFAB PVT. LTD. | SUITING | 65 |
| ANKIT TEXTILE MILLS | SHIRTING/DRESS MATERIAL | 74 |
| SHRI RAM FABRICS(PORWAL) | SHIRTING | 82 |
| RAJ INTERNATIONAL | GREY | 92 |
| ATUL FASHION PRINTS | SHIRTING | 93 |
| AAVALI PRINTS PVT. LTD. | SHIRTING/SUITING | 107 |
| SHREE MAHAVIR FABRICS MFG CO. | SHIRTING | 112 |
| L B TEX | DENIM | 118 |
| PANTON TEX FAB | SUITING | 128 |
| MONICACOT MILLS PVT. LTD. | SHIRTING/DRESS MATERIAL | 152 |
| ABHISHEK SYNTHETICS MILLS | DRESS MATERIAL | 156 |
| M G TEXTILE | SHIRTING | 159 |
| DINESHKUMAR & CO | DRESS MATERIAL | 161 |
| KAUVERY FAB TEX | SHIRTING/DRESS MATERIAL | 167 |
| RAJ FASHION | DRESS MATERIAL | 173 |
| RAJARAM JITENDRAKUMAR | DRESS MATERIAL | 173 |
| AJANTA TEXTILE MILLS | DRESS MATERIAL | 174 |
| RAJESH TEXTILE MILLS | DRESS MATERIAL | 174 |

| COMPANY NAME | CATEGORY | SHOP NO. |
|---|---|---|
| JYOTI TEXTILE | SHIRTING | 175 |
| GAURAV FABRICS PVT. LTD. | BED SHEET | 176 |
| MANGLA TEXTILE MILLS | SHIRTING/DRESS MATERIAL | 178 |
| SHASWAT TEXTILES PVT. LTD. | SHIRTING | 181 |
| ARHAM FABRICS | SHIRTING/SUITING | 182 |
| ARIHANT COT FAB LLP | SHIRTING | 189 |
| KULDEVI IMPEX | DRESS MATERIAL | 189 |
| DHARMAJI | SUITING | 193 |
| MONARAYON FASHION PVT. LTD. | SHIRTING/DRESS MATERIAL | 201 |
| ANANTA FABRICS | SHIRTING | 210 |
| APPLE CORP | SHIRTING | 223 |
| SUPRIMO FABRICS | SHIRTING | 224 |
| RUMIT ENTERPRISE | SHIRTING | 227 |
| KAYEL SYNTEX LTD | SHIRTING | 229 |
| RISIKA FABRICS | SHIRTING | 233 |
| BHAVNA TRENDS | SHIRTING | 236 |
| K PRAKASH AND SONS | SHIRTING | 237 |
| SHREE RADHE SHYAM SYN FAB PVT. LTD. | SHIRTING | 243 |
| MANGAL MURTI COTTON MILLS | DRESS MATERIAL | 243 |
| TIANSO GLOBAL | SHIRTING | 244 |
| KOHINOOR & TOMANI FABRICS | SHIRTING/DRESS MATERIAL | 245 |
| MANITA | SUITING | 247 |
| CHANDERMAULI | SHIRTING | 249 |
| SACHIN TEXFAB PVT. LTD. | SHIRTING/SUITING | 251 |
| VIHAAN SYNTHETICS | SUITING | 253 |
| MAGHRAJ KANTILAL FAB PVT. LTD. | SHIRTING | 272 |
| M TEX FASHION | SUITING | 272 |
| ANJALI TEXTILE MILLS | SHIRTING/SUITING | 277 |
| HYPER SYNTHETICS | SUITING | 291 |
| JENCO COTFAB PVT. LTD. | BED SHEET | 301 |
| RG FAITH CREATIONS PVT. LTD. | SHIRTING/SUITING | 506 |
| BABOOLAL SANJAYKUMAR | DRESS MATERIAL/SHIRTING | 526 |
| JANVI TEXTILE MILLS | SHIRTING | 803 |

ido-graph

fabexa.in | info@fabexa.in

# राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (NTWB) की 7वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न





**नई दिल्ली/** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (NTWB) की 7वीं बोर्ड बैठक 9 अक्टूबर 2025 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में चेयरमैन श्री सुनील सिंघी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में श्री संजीव, संयुक्त सचिव, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग, भारत सरकार ने चेयरमैन श्री सुनील सिंघी को उनके द्वितीय कार्यकाल के लिए बधाई दी। उन्होंने बोर्ड सदस्यों के सतत प्रयासों और व्यापारी समुदाय के हितों को सशक्त बनाने के लिए उनके योगदान की भी सराहना की। चेयरमैन श्री सुनील सिंघी ने अपने संबोधन में हाल ही में लागू Next-Gen GST 2.0 सुधारों की प्रशंसा की, जो 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। उन्होंने बताया कि देशभर में व्यापारी समुदाय द्वारा मनाया गया GST बचत उत्सव' माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है, जिनके परिवर्तनकारी निर्णयों से उपभोक्ताओं और व्यापारियों को महत्त्वपूर्ण राहत और बचत मिली है। श्री सिंघी ने यह भी बताया कि पिछले 100 दिनों में 'स्वदेशी अपनाओं' अभियान के अंतर्गत देशभर में लगभग 1100 कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए, जो आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। कर्नाटक के बोर्ड सदस्य श्री प्रकाश पिरगल ने भारत सरकार द्वारा GST दरों में की गई कटौती के निर्णय की सराहना की और इसे व्यापारीजगत तथा आम जनता के लिए स्वागत योग्य कदम बताया। इस अवसर पर बोर्ड ने पूरे देशभर में GST उत्सव' मनाने का निर्णय भी लिया। बैठक का एक प्रमुख विषय Vocal for Local पहल रहा। इस अवसर पर 'गर्व से कहो, ये स्वदेशी है' पोस्टर का विमोचन किया गया, जो प्रधानमंत्री जी के स्वदेशी उत्पादों को गर्वपूर्वक अपनाने और प्रदर्शित करने के संदेश को आगे बढ़ाता है। सभी सदस्यों ने इस अभियान के राजदूत बनकर इसे देशभर में व्यापक रूप से प्रसारित करने का संकल्प लिया। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि आयकर में 12 लाख रूपए तक की कर छूट देकर आम जनता और व्यापारियों को महत्त्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है।




# विस्कोस, पॉलिएस्टर एवं ब्लेण्डेड यार्न की मांग में सुधार अपेक्षित

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डे**

यार्न मार्केट में करेंट नही है और कॉटन यार्न के भाव निरंतर दबाव में है। कपड़ों की मांग स्थिर होने से वीविंग इकाइयों में उत्पादन नही बढ़ने के कारण यार्न की मांग को अपेक्षित सहयोग नही मिल रहा है। रूई की नई आवक शुरू होने और वर्षंत तक आयात पर 11 प्रतिशत शुल्क हटा देने के कारण कॉटन यार्न के कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ी है। कॉटन यार्न बनाने वाली मिलों को अब कम भाव पर कच्चा माल मिलने से यार्न की लागत बढ़ने का डर नही रहा है। इसलिए जब तक वीविंग इकाइयों में यार्न की मांग में सुधार नहीं होता है, तब तक यार्न के भाव में कमोबेश इसी तरह की स्थिति रह सकती है। कुछ वैरायटी के भाव में सुधार तो कुछ में कमी होना स्वाभाविक है।

कॉटन यार्न के भाव स्थिर अथवा कम होने के कारण सूती कपड़ों के भाव बढ़ने से रूक गए है। नई सीजन के लिए कपड़ों की तैयारी में उत्साह नही है, वहीं कम्पोजिट मिलों के पास भरपूर काम हो रहा है। जीएसटी की दरों में परिवर्तन से टेक्सच्राइज्ड, विस्कोस एवं पीवी, पीसी यार्न की मांग बढ़ने की संभावना है। कॉटन यार्न और इस तरह के यार्न के बीच का अंतर पहले की तुलना में कम हो गया है, परंतु कुछ कच्चे माल एवं केमिकल्स पर जीएसटी की दरें अभी-भी अधिक है, जिसके कारण इस तरह यार्न के भाव घटने के बदले बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। विस्कोस एवं पॉलिएस्टर यार्न की खपत बढ़ सकती है तथा ब्लैण्डेड यार्न की मांग में सुधार अपेक्षित है।









### मालीवाड़ा बाजार में स्वर्ण जयंती महोत्सव की धूम : 22 सितंबर से 23 अक्टूबर तक

# देहली साड़ी मर्केन्टाइल एसोसिएशन के 50वें स्थापना वर्ष का भव्य आयोजन

**दिल्ली/ सत्यप्रकाश**

दिल्ली के मशहूर मालीवाड़ा बाजार में इस वर्ष त्योहारों की रौनक दोगुनी होने वाली है। 'देहली साड़ी मर्केन्टाइल एसोसिएशन (पंजी.)' अपनी स्थापना की 50वीं वर्षगांठ (1975-2025) को स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में हर्ष और उल्लास के साथ मना रहा है। मालीवाड़ा वर्षों से साड़ी, सूट, दुपट्टा, वैवाहिक ब्राइडल एवं गर्लिश लहंगों की होलसेल व रिटेल खरीददारी का प्रमुख केंद्र रहा है। नवरात्र, दशहरा, दीपावली सहित आगामी त्योहारों के अवसर पर बाजार को बिजली की रंगीन रोशनी और खूबसूरत सजावट से जगमगाया गया है। पूरे बाजार में स्वच्छता और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके तहत रोजाना दो बार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के दौरान ग्राहकों को जाम की भीषण स्थिति से बचाने के लिए एसोसिएशन द्वारा विशेष यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। दुकानदारों और व्यापारियों ने विज्ञापन पोस्टर और बैनर लगाकर पूरे बाजार को सजाया है, जिससे त्योहारों की रौनक और बढ़ गई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अवसर दिल्ली सहित एनसीआर और पड़ोसी राज्यों के ग्राहकों के लिए खास होगा। वे अपने परिवारों के साथ यहाँ आकर त्योहार और शादी-विवाह की खरीददारी करके स्वर्ण जयंती महोत्सव को अपने भव्य सुआगमन से सुशोभित करें।







Nidhi
Sulztex Pvt. Ltd.
Happy Diwali
A LEADING AGENCY DEALING IN
Suiting-Shirting- Bhilwara, Mumbai
Fancy, Cotton, Lycra, DMS, Non Denim, PV, PC
DENIM FABRIC- AHMEDABAD & BHILWARA
UNIFORM FABRIC- SCHOOL | CORPORATE | INDUSTRIAL | SECURITY | HOTEL
HOSPITAL | AIRLINE & Tender Supply for Governments & Private Sector
FOR TRADE INQURIY
Ashok Jain: 9352974100 | Nidhi Jain: 8619566438
Nishi Jain: 8764076200 | Email: sales@nidhisulz.com
Exclusive Supply for
Kanchan India Ltd.
Products
Shop No. 337/338/339, Govindam Commercial Hub, Near Ranbanka Hotel, Bhilwara-311001
Branch Office: Ahmedabad | Ulhasnagar (Mumbai)
Pan India Marketing


Chhabra
Syncotex Pvt. Ltd.
SUITINGS • SHIRTINGS • UNIFORMS
Happy
Diwali
FESTIVALS OF LIGHTS
NEWMAN
SUITINGS & SHIRTINGS
CITILINE
SUITINGS & SHIRTINGS
spunshades
by Birla Cellulose
SCAN ME
CERTIFIED ISO COMPANY
Chhabra.Syncotex
8094004312
E-mail.: info@chhabragroup.in
Website.: www.chhabragroup.in


शुभ
दिपावली
"VARSHO SE AAPKE SAATH"
"TRUST THAT WEARS WELL – NEWPOINT."
MIX "N" MATCH
COMBO
JODI PACKING
SUITINGS
SHIRTINGS
newpoint®
- A Product of -
GIRNAR SYNTHETICS PVT. LTD.
B-15, Old industrial area, Pur Road, Bhilwara-311001
e-mail : girnarsynthetics@gmail.com
Cont : 92510 01111

## लेडीज ड्रेस मटीरियल और गारमेण्ट फैब्रिक्स के भरोसेमंद मार्केटिंग पार्टनर

# आदीश टेक्सटाइल एजेंसी


श्री आदीश जैन


श्री अभय जैन

रोहतक/सूरत/ कपड़ा व्यवसाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन और भरोसेमंद सेवाओं के लिए जानी जाने वाली 'आदीश टेक्सटाइल एजेंसी' ने पिछले ढाई दशकों से अधिक समय में हरियाणा सहित देशभर की प्रमुख कपड़ा मण्डियों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। गुणवत्ता, पारदर्शिता और सेवाभाव को आधार बनाकर एजेंसी ने वस्त्र व्यापार में एक सशक्त स्थान प्राप्त किया है। एजेंसी के ऑनर श्री आदीश जैन बताते हैं कि स्थापना का उद्देश्य देशभर के डीलर्स को नामी ब्राण्ड्स के उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स और नवीनतम फैशन ट्रेंड्स से जोड़ना था। आज एजेंसी लेडीज सूट्स, ड्रेस मटीरियल्स, वैल्यू एडेड फैब्रिक्स, चाइना इम्पोर्टेड फैब्रिक्स तथा निटेड गारमेण्ट फैब्रिक्स की सप्लाई में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस तरह एजेंसी अब गारमेण्ट सेक्टर में भी उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक की नियमित आपूर्ति कर रही है। व्यवसाय विस्तार की दिशा में एजेंसी ने हाल ही में सूरत में अपना कार्यालय स्थापित किया है, जहाँ से देश की प्रमुख मिल्स और सप्लायर्स के साथ सीधा नेटवर्क विकसित किया गया है। इससे ग्राहकों को समय पर और बेहतरीन क्वालिटी के उत्पाद उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।



**सप्लाई एवं सेल्स नेटवर्क...** हरियाणा, पंजाब, दिल्ली राज्यों की प्रमुख मण्डियों में एजेंसी के माध्यम से टॉप होलसेलर्स एवं गारमेण्ट निर्माताओं को कपड़े की नियमित सप्लाई की जा रही है। साथ ही एजेंसी वर्तमान में मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, जयपुर, पाली, जैतपुर, अमृतसर, बालोतरा, जोधपुर, इंदौर, लुधियाना और अमृतसर जैसी राष्ट्रीय मण्डियों के शीर्ष सप्लायर्स से भी डायरेक्ट जुड़ी हुई है। एजेंसी के युवा सहयोगी श्री जैन के सुपुत्र श्री अभय जैन नई सोच और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ व्यवसाय को नई दिशा दे रहे हैं। वे ब्राण्ड डवलपमेण्ट, मार्केट रिसर्च और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से एजेंसी को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने के प्रयास में हैं। उनका कहना है, 'हमारा लक्ष्य है कि स्थानीय व्यापारियों को नेशनल लेवल के फैशन और ट्रेंड्स से सीधा जोड़ा जाए ताकि हर स्तर पर व्यापार को नई दिशा मिल सके।'

Happy Diwali
May This Diwali Fill Your Life With Light, Love And Laughter. Wishing You a Prosperous Diwali.
ADEESH TEXTILE AGENCY
CLOTH COMMISSION AGENCY
ADEESH JAIN
9355306677
8307938380
ABHAY JAIN
9817632427
SPECIALIST IN
Ladies Dress Materials
Knited Hosiery, Garment
China Imported Fabrics etc.
Rohtak Office: Shori Cloth Market, Rohtak-124001, Ph: 9315538028
Surat Office: 230 Golden Point, 2nd Floor Ring Road, Surat-02
Ph: 8901007412, Email: adeeshjainllll@gmail.com






May this Diwali illuminate your lives with success, prosperity & happiness !
Deekay agencies
a house of trust & prompt services
Bhilwara's Leading Textile Indenting Agency
HAPPY DIWALI
Fashion Diva
Dumas



- Suiting
- Shirting
- Uniforms
- Cottons
- Denims
- Readymade Garments

D.K.CHOUDHARY
9602114400
dk_agency@hotmail.com
UNNAT CHOUDHARY
9352146734, 9829046734
unnat.associates@gmail.com
"DUMAS PRESIDENCY" 2-S-10 TO 2-S-18,3rd Floor, Basant Vihar, Bhilwara (Raj.)

You Can Have ANYTHING You Want In Life If You DRESS for it.
Step into festive elegance this diwali!
Kurtis, Suits, Pants, Dupattas, Party Gowns, Crop Tops, Co-ord Sets, Wedding Series
SHINE BRIGHT THIS SEASON WITH STYLE THAT SPEAKS YOUR CONFIDENCE.
+91 93521-11185
107, 1st Floor, Nagori Garden, Near to flying machine showroom, Bhilwara
dumasfashiondiva@gmail.com
DUMAS FASHION DIVA



HAPPY DIWALI
7 से 21 अक्टूबर 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
DELHI TEXTILE TRADE EDITION

## दिल्ली में Raymond के प्रमुख होलसेल डीलर

# अरोड़ा टेक्सटाइल


श्री गुलशन अरोड़ा

### वर्ष 1981 से फैशन एवं क्वालिटी के भरोसे का नाम और नॉर्थ इंडिया में Raymond के ग्राहकों की पहली पसंद

दिल्ली/ दिल्ली के कपड़ा व्यापार में 'अरोड़ा टेक्सटाइल' एक जाना-माना नाम है। वर्ष 1981 से कपड़ा व्यवसाय में सक्रिय इस संस्थान की नींव स्व. श्री देवेंद्र कुमार अरोड़ा ने रखी थी। ब्राण्डेड मेन्स वियर फैब्रिक्स की रिटेल से शुरूआत करने वाले श्री अरोड़ा ने अपने कुशल प्रबंधन और ग्राहकों के प्रति समर्पण से व्यवसाय में सफलता प्राप्त की। उनके सुपुत्र श्री गुलशन अरोड़ा ने पिता के विजन को आगे बढ़ाया और संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। ग्राहकों की संतुष्टि और फैशन-ओरियंटेड ब्राण्ड्स को प्राथमिकता देना अरोड़ा परिवार की सोच रही है।

### Raymond- हमेशा से ग्राहकों की पहली पसंद

रिटेल में सफलता मिलने के बाद अरोड़ा परिवार ने दिल्ली में Raymond के होलसेल कारोबार की शुरूआत की। अपने बेहतरीन कार्यकौशल और ग्राहकों के प्रति समर्पित भाव से 'अरोड़ा टेक्सटाइल' ने Raymond फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेल डीलर्स में अपनी मजबूत पहचान बनाई। श्री गुलशन अरोड़ा ने कहा कि Raymond हमेशा से ग्राहकों को पहली पसंद रहा है। आज 100 साल बाद भी Raymond लोकप्रियता के शिखर पर है। 'अरोड़ा टेक्सटाइल' Raymond के मनोपोली डीलर भी हैं, जो उन्हें विशिष्ट डिजाइंस और ग्राहकों की विशेष मांगों में अग्रणी बनाता है। श्री अरोड़ा ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और ग्राहकों के विश्वास से कपड़ा व्यवसाय में जो मुकाम बनाया है, वह काबिले-तारीफ है। श्री गुलशन अरोड़ा अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए न केवल Delhi बल्कि पूरे North India में Raymond फैब्रिक्स की पहचान को मजबूती दे रहे हैं। Raymond के साथ उनकी यह साझेदारी फैशन प्रेमियों को नवीनतम ट्रेंड और बेहतरीन क्वालिटी उपलब्ध कराती है। श्री गुलशन अरोड़ा बताते हैं -Raymond एक ऑल टाइम हिट ब्राण्ड है और मेन्स फैशन की दुनिया में सर्वाधिक लोकप्रिय है। इसकी फैशन-ओरिएंटेड क्वालिटी और डिजाइंस का कोई मुकाबला नहीं है। सूटिंग-शर्टिंग के साथ-साथ हम इसके कॉम्बो गिफ्ट पैकिंग्स और होम फर्निशिंग में भी काम करते हैं।'

### नॉर्थ इंडिया तक फैला होलसेल नेटवर्क

'अरोड़ा टेक्सटाइल' न केवल दिल्ली, बल्कि पूरे नॉर्थ इंडिया में Raymond के फैशन फैब्रिक्स की सप्लाई करता है। श्री गुलशन अरोड़ा बताते हैं कि सूटिंग में प्लेन, सब्ड्यूड चैक्स और डोबीज के नए डिजाइंस की भारी मांग है। शर्टिंग में प्लेन, चैक्स, डाइड कलर्स और लिनन फैब्रिक्स में नए डिजाइंस ग्राहकों की पसंद बने हुए हैं। Raymond की रेग्युलर सूटिंग-शर्टिंग के अलावा कॉम्बो गिफ्ट पैक्स और होम फर्निशिंग की भी अच्छी डिमाण्ड है।

### भविष्य की मजबूत संभावनाएँ

रिटेल और होलसेल - दोनों ही चैनलों में अच्छी ग्राहकी के चलते संस्थान का भविष्य उज्ज्वल नजर आ रहा है। Raymond की लोकप्रियता लगातार बनी हुई है और लोग आज भी उतना ही विश्वास करते हैं जितना 100 साल पहले करते थे।



## मेन्स फैशन फैब्रिक्स की अग्रणी मार्केटिंग फर्म

# पावनी टेक्सटाइल एजेंसी



श्री पवन राव

दिल्ली/ दिल्ली एवं उत्तर भारत के वस्त्र बाजार में 'पावनी टेक्सटाइल एजेंसी' अग्रणी मार्केटिंग फर्म है, जो ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स की सप्लाई में भरोसेमंद नाम के रूप में उभर रही है। इस एजेंसी की स्थापना युवा एवं ऊर्जावान टेक्सटाइल प्रोफेशनल श्री पवन राव ने की है, जिन्होंने अपनी ईमानदारी, दक्षता और आधुनिक मार्केटिंग रणनीतियों के बल पर यह सफलता हासिल की है। श्री पवन राव ने 'पावनी टेक्सटाइल एजेंसी' को उत्तर भारत में मेन्स वियर फैब्रिक्स के प्रमुख ब्राण्ड्स की सप्लाई का सशक्त माध्यम बनाया है। एजेंसी के तहत कई नामचीन फैब्रिक ब्राण्ड्स जैसे Grado, Only Vimal, Chinar Fabrics, Mayur, BSL, Infinito, Recora by Jindal, Spunwell आदि का कार्य हो रहा है।

### GRADO लग्जरी फैब्रिक्स की प्रीमियम पहचान

मेन्स फैशन कैटेगरी में GRADO आज एक प्रतिष्ठित नाम बन चुका है। इस ब्राण्ड की फैंसी सूटिंग, टीआर, 4 वे लाइका, लचका और एथनिक फैब्रिक्स की विस्तृत रेंज वर्तमान फैशन ट्रेंड्स को नये आयाम दे रही हैं। श्री राव के अनुसार, GRADO वर्तमान में ऑल वेदर फैब्रिक्स पर फोकस कर रहा है। कम्पनी की 10 प्रतिशत वूल लाइक्रा एवं 20 प्रतिशत ट्वीड लाइक्रा जैसी प्रीमियम लाइट वूल रेंज बाजार में विशेष लोकप्रियता प्राप्त कर रही है। हाल ही में थाईलैंड में आयोजित GRADO डीलर कॉन्फ्रेंस उद्योग जगत में चर्चा का विषय रही, जिसमें उत्तर भारत के कई प्रमुख व्यापारियों ने भाग लिया।




### CHINAR FABRICS
### निरंतर नवाचार की दिशा में

Chinar Fabrics का कार्यक्षेत्र भी 'पावनी टेक्सटाइल एजेंसी' के साथ तेजी से विस्तार पा रहा है। ब्राण्ड की रेंज में निरंतर नए फैब्रिक डिजाइन और कलेक्शन लॉन्च किए जा रहे हैं, जिन्हें व्यापारियों और ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिसाद मिल रहा है। हाल के महीनों में चिनार द्वारा मसूरी और काठमांडू में आयोजित डीलर कॉन्फ्रेंस में एजेंसी से जुड़े कई व्यापारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और उत्कृष्ट बुकिंग्स दर्ज कराई।

### टेक्सटाइल वितरण नेटवर्क में नई ऊँचाइयां

'पावनी टेक्सटाइल एजेंसी' का वितरण नेटवर्क आज दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में फैला हुआ है। एजेंसी अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से न केवल उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स की सप्लाई करती है, बल्कि ब्राण्ड्स और व्यापारियों के बीच भरोसेमंद सेतु का कार्य भी करती है। फैशन और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता ही 'पावनी टेक्सटाइल एजेंसी' की सफलता का मूल मंत्र है।

ONLY VIMAL

## ब्राण्ड के प्रमुख होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर

# DEE CEE TRADERS



श्री नरेश कपूर



श्री राहुल कपूर

दिल्ली/ मेन्स फैशन फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में प्रतिष्ठित DEE CEE TRADERS विगत 4 दशकों से रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के सुप्रसिद्ध ब्राण्ड ONLY VIMAL के एक्सक्लूसिव होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में दिल्ली और एनसीआर में अपनी सशक्त पहचान बनाए हुए है। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद, वाजिब दरें और ग्राहकों के प्रति विश्वसनीय व्यवहार के कारण यह संस्थान स्थानीय मण्डी में मेन्स वियर फैब्रिक्स के सबसे भरोसेमंद नामों में गिना जाता है। संस्थान के संस्थापक एवं अनुभवी वस्त्र व्यापारी श्री नरेश कपूर के नेतृत्व में DEE CEE TRADERS ने न केवल व्यापारिक स्तर पर, बल्कि ग्राहक संतुष्टि के मामले में भी एक मजबूत प्रतिष्ठा अर्जित की है। श्री कपूर के युवा सुपुत्र श्री राहुल कपूर ने बताया कि ONLY VIMAL मेन्स फैशन सेगमेण्ट में गुणवत्ता, डिजाइन और स्टाइलिश फैब्रिक के लिए सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड है। आगामी वेडिंग और फेस्टिव सीजन के लिए कम्पनी ने कई नए कलेक्शन तैयार किए हैं, जिनका DEE CEE TRADERS पर भरपूर स्टॉक मौजूद है।

### नई फैब्रिक रेंज को शानदार रिस्पॉन्स

श्री राहुल कपूर ने साझा किया कि फैंसी पीवी सूटिंग्स में Richmond, Forty Carat, Elasticity जैसी वैरायटीज इस सीजन में ग्राहकों द्वारा खूब पसंद की जा रही हैं। कम्पनी के हिट कलेक्शन The Marvel के प्रति आकर्षण लगातार बरकरार है। DEE CEE TRADERS पर ONLY VIMAL की समस्त पॉपुलर और न्यू रेंज की बात करें तो Accento, Kimono, Bellissimo, Cardiff, Cairo, Fashion Avenue, Ember, Momentum, Embrosia, Fremont, Silver Zone, Marvel Celebration (Ethnic Wear), Monet And Pisaro, Monet And Pisaro Yoga आदि रेंज उपलब्ध है।

### विंटर-वेडिंग सीजन के लिए विशेष रेंज

श्री नरेश कपूर ने बताया कि नवरात्रि और दीपावली सीजन की ग्राहकी बहुत अच्छी रहीं। इस बार टीआर फैब्रिक्स में नए शेड्स की वजह से बिक्री में वृद्धि हुई है। ग्राहक प्लेन और सबड्यूड चैक्स को विशेष रूप से पसंद कर रहे हैं। न्यू रेंज Ember की इस साल काफी जोरदार बिक्री रही, जिसे ग्राहकों ने खूब पसंद किया। DEE CEE TRADERS पर सभी रेंज का भरपूर स्टॉक उपलब्ध है और यह दिल्ली एवं एनसीआर में ONLY VIMAL ब्राण्ड के फैशन फैब्रिक्स का एक्सक्लूसिव होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर होने के नाते मेन्स फैशन में उत्कृष्ट सेवा और भरोसेमंद सप्लाई के लिए जाना जाता है।

### विशेष मान्यता और उपलब्धियां



DEE CEE TRADERS की प्रतिष्ठा और ONLY VIMAL के साथ प्रगाढ़ संबंधों का एक बड़ा उदाहरण है कि रिलायंस इण्डस्ट्रीज द्वारा ONLY VIMAL ब्राण्ड के डीलर्स का कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस मीट के दौरान Sustained Excellence Award से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार DEE CEE TRADERS और ONLY VIMAL के मजबूत और भरोसेमंद संबंधों को दर्शाता है।






## उत्तर भारत में ARVIND ब्राण्ड की सशक्त मार्केटिंग एजेंसीज

# कृष्णा एंटरप्राइजेज

# रजनी एंटरप्राइजेज



श्री हंसराज गौतम

**दिल्ली/** उत्तर भारत के टेक्सटाइल कारोबार में विश्वसनीय नाम 'कृष्णा एंटरप्राइजेज' एवं 'रजनी एंटरप्राइजेज' ने ARVIND, AGATHE SUITINGS, TRESCA और EUVANTE जैसे प्रीमियम मेन्स फैशन ब्राण्ड्स की मार्केटिंग में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। फर्म्स के डायरेक्टर श्री हंसराज गौतम अपनी संतुलित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी, ग्राहकों के प्रति समर्पण और व्यावसायिक कुशलता के लिए पूरे उत्तर भारत में सम्मानित नाम हैं। वर्षों से मेन्स फैशन सेक्टर में सक्रिय श्री गौतम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रमुख कपड़ा मण्डियों में मजबूत सेल्स नेटवर्क विकसित किया है। उनकी प्राथमिकता सदैव ब्राण्डेड फैब्रिक्स को वाजिब दरों में ग्राहकों तक पहुँचाना और समय पर सर्वश्रेष्ठ सेवा सुनिश्चित करना रही हैं। ब्राण्डेड मेन्स फैब्रिक्स की दुनिया में बढ़ता विश्वास... 'कृष्णा एंटरप्राइजेज' और 'रजनी एंटरप्राइजेज' के माध्यम से ARVIND और इसके सहयोगी ब्राण्ड्स आज उत्तर भारत के फैब्रिक मार्केट में भरोसे और गुणवत्ता के प्रतीक बन चुके हैं। श्री हंसराज गौतम की नेतृत्व क्षमता और ट्रेड से जुड़ी गहरी समझ ने न सिर्फ ब्राण्ड को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है, बल्कि फैशन इंडस्ट्री में उत्तर भारत की मार्केटिंग एजेंसियों के लिए भी एक मिसाल कायम की है।

### ARVIND - कम्पलीट मेन्स फैशन ब्राण्ड

श्री गौतम ने बताया कि ARVIND मेन्स फैशन की दुनिया में एक कम्पलीट वॉर्डरोब ब्राण्ड बन चुका है। इसका फैब्रिक रेंज प्योर कॉटन, पीसी, कॉटन लिनन, प्योर लिनन जैसे नेचुरल टच फैब्रिक्स से लेकर AGATHE SUITINGS के अंतर्गत आने वाले टीआर, कॉटन, डेनिम, पीवी, कॉर्डरॉय, एथनिक एवं सफारी कलेक्शन तक विस्तृत है। TRESCA ब्राण्ड के अंतर्गत टेरीवूल सूटिंग एवं कॉटन शर्टिंग्स में शानदार रेंज बाजार में खूब पसंद की जा रही है, वहीं EUVANTE की फाइन टेरीवूल सीरीज फैशन प्रेमियों के लिए लग्जरियस विकल्प के रूप में उभरी है। श्री गौतम के अनुसार ARVIND हर उस व्यक्ति की पहली पसंद है, जो फैशन, फिट और फिनिश पर ध्यान देता है। ब्राण्ड की उत्तम क्वालिटी, क्रिएटिव डिजाइनिंग और लेटेस्ट ट्रेण्ड्स के अनुरूप तैयार फैब्रिक रेंज ने ग्राहकों में इसे विशेष स्थान दिलाया है। AGATHE SUITINGS, TRESCA एवं EUVANTE ब्राण्ड्स के तहत टेरीवूल, हाई-वैल्यू शर्टिंग्स, एथनिक एवं लिनन रेंज को फैशन हाउसेज और रिटेलर्स से बेहद सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। इस साल एजेंसीज के तत्वावधान में आयोजित होलसेल एवं रिटेल कॉन्फ्रेंसेज को बाजार से बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला। आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के लिए उत्साहजनक बुकिंग हुई।

### नई रेंज को मिला सुपर रिस्पॉन्स

ARVIND ने अपने सभी ब्राण्ड्स के अंतर्गत 100 ' कॉटन सूटिंग-शर्टिंग, लिनन, फाइन टीआर और टेरीवूल सूटिंग्स की नवीन रेंज प्रस्तुत की है, जिसे रिटेल और होलसेल - दोनों स्तरों पर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। श्री गौतम ने बताया कि 'पिछले वर्ष बाजार में मंदी के बाद इस बार नवरात्रि से ग्राहकी में जबरदस्त सुधार देखा जा रहा है। फैशन फैब्रिक्स की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे आगामी महीनों में बेहतर कारोबार की उम्मीद है।'

## मेन्स फैशन ब्राण्ड्स की भरोसेमंद मार्केटिंग फर्म

# मारवाह एजेंसीज



श्री रघु रावत

**दिल्ली/ विगत चार दशकों से टेक्सटाइल व्यवसाय में सक्रिय प्रतिष्ठित फर्म 'मारवाह एजेंसीज' फैशनेबल एवं स्टाइलिश मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स की मार्केटिंग में अग्रणी नाम है। मशहूर टेक्सटाइल एजेंट स्व. श्री डी. एस. रावत द्वारा स्थापित इस फर्म का संचालन वर्तमान में उनके युवा सुपुत्र श्री रघु रावत द्वारा किया जा रहा है। मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के धनी श्री रघु रावत दिल्ली-एनसीआर के वस्त्र व्यापार क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान रखते हैं। श्री रावत ने बताया कि 'मेन्स वियर सेगमेंट में फैशनेबल ब्राण्ड्स की प्रभावी मार्केटिंग करना हमारी फर्म का सदैव ध्येय रहा है। टॉप ट्रेडर्स के साथ प्रगाढ़ व्यापारिक संबंध और ट्रेण्डिंग ब्राण्ड्स के प्रमोशन में हमारा अनुभव ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।' वर्तमान में एजेंसी द्वारा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मशहूर मेन्स फैशन फैब्रिक ब्राण्ड जॉर्जियो गुलिनी (Georgia Gullini), ओनली विमल (Only Vimal) एवं डोनियर ग्रुप के ITR ब्राण्ड का कार्य किया जा रहा है।**

### GEORGIA GULLINI - PREMIUM LOOK, PREMIUM FEEL

श्री रघु रावत के अनुसार Reliance Industries Ltd. का प्रीमियम फैब्रिक ब्राण्ड GEORGIA GULLINI इस वर्ष बाजार में शानदार सफलता दर्ज करवा चुका है। विंटर सीजन के लिए तैयार किए गए इसके सेम्पल सेट्स को व्यापारियों और ग्राहकों-दोनों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। बुकिंग्स में आई तेजी इस बात का प्रमाण है कि GEORGIA GULLINI अपनी गुणवत्ता, डिजाइन और भरोसे के लिए बाजार में अग्रणी स्थान बनाए हुए हैं। इस सीजन में विशेष रूप से Opulent (50/50 Wool Super 120s), Re Della Moda (Super 160's और 180's) तथा Carino Plain क्वालिटीज को व्यापारियों से जबरदस्त रिस्पॉन्स प्राप्त हुआ है। इन फैब्रिक्स की उत्तम ऊनी-सूती संरचना, सॉफ्ट फिनिश और प्राकृतिक शाइन ने ग्राहकों का मन जीत लिया है।

इसी क्रम में Elenza (15% Wool Super 120's) मार्केट में इस बार सर्वाधिक चर्चा में रही। इसकी मांग इतनी तेज रही कि कई प्रमुख मण्डियों में इसका स्टॉक सीमित हो गया। मजबूत टेक्सचर, स्मूद टच और आकर्षक रंग संयोजन के कारण Elenza ने इस सीजन में अलग पहचान बनाई है। Monopoly Goods में भी GEORGIA GULLINI की दिल्ली से भारी बुकिंग हुई है, जिससे Reliance Industries Ltd. ने बाजार में अपनी पकड़ और भी मजबूत कर ली है। कम्पनी ने इस वर्ष हर प्रॉडक्ट में क्वालिटी, टिकाऊपन, कलर फास्टनेस और सिलाई के हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया है। यहीं कारण है कि व्यापारियों का इस ब्राण्ड पर भरोसा पहले से और मजबूत हुआ है।




### हर मौके को बनाए खास, ONLY VIMAL की गिफ्टिंग रेंज

ONLY VIMAL
AREA WESTERN UP

